आश्विन शुक्ल पक्ष-13, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 112 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

15 अक्टूबर 2024 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

31 अधिकतम

24 न्यूनतम



Page- 7

## तीन लोकसभा व मप्र समेत 13 राज्यों की 49 विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान करीब

### चुनाव आयोग की तैयारी भांपकर सियासी खलबली

# महाराष्ट्र-झारखंड में चुनावी बिगुल 5 चरण में मतदान कराने की तैयारी

**नई दिल्ली/भोपाल,दोपहर मेट्रो,एजेंसी**

हरियाणा व जम्मू कश्मीर के बाद अब आज शाम चार बजे तक महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोपहर 3:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। ऐसे ही बुलावे के जरिए आयोग तारीखों का ऐलान करता रहा है। यह चुनाव लंबे चलने वाले हो सकते हैं, महाराष्ट्र में एक और झारखंड में 5 फेज में वोटिंग की संभावना है। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर 2024 को समाप्त हो रहा है जबकि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 तक है। इसे लेकर राजनीतिक बवाल भी मचा हुआ है। झारखंड में सत्ताधारी जेएमएम ने सख्त एतराज जताया है और कहा है कि इस तरह के ऐलान की भनक भाजपा को कल ही मिल गई थी।



चुनाव तारीखे के ऐलान की संभावना से भड़के झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। मनोज पांडेय ने चुनाव आयोग को कठपुतली करार देते हुए कहा कि हम चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहते हैं. लेकिन आज चुनाव की घोषणा होने वाली है और इसकी जानकारी बीजेपी के नेताओं को कल ही हो गई थी. ये बहुत गंभीर विषय है। क्या बीजेपी नेताओं के इशारे पर चुनाव आयोग काम करता है? हिमंत बिस्वा सरमा कल अपने एक बयान में बोल गए कि आज चुनाव की घोषणा होने वाली है, किसी आयोग को इस कदर कठपुतली बनाकर रखना ये गंभीर बात है।

ज्ञात हो कि झारखंड में विधानसभा चुनाव राज्य की सभी 81 सीटों पर होगा। हालांकि यहां विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को समाप्त होने वाला है। सीएम हेमंत सोरेन ने 4 जुलाई 2024 को तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। इससे पहले सोरेन ने गिरफ्तारी से पहले सीएम पद से इस्तीफा दिया था। जमानत पर रिहा होने के बाद उन्होंने फिर से सीएम पद संभाला। झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, 'जब चुनाव आयोग कोई फैसला लेता है तो वह कटघरे में क्यों खड़ा होता है। झारखंड की ड्यू डेट 6 जनवरी है मगर आप महाराष्ट्र के साथ चुनाव कराना चाहते हैं। जब हरियाणा में चुनाव की तारीख 3 नवंबर और महाराष्ट्र में 26 नवंबर थी तो आपने दोनों चुनाव एक साथ क्यों नहीं कराए?'

महाराष्ट्र — कुल सीटें 288, बहुमत 145

झारखंड — कुल सीटें 81, बहुमत 41




### पवार गरजे... ये बूढ़ा रुकेगा नहीं



इधरएनसीपी-एसपी नेता शरद पवार ने कहा कि कुछ युवा लड़के हाथों में बोर्ड लेकर खड़े थे, उसमें मेरी फोटो थी जिसमें लिखा था 84 साल पुराना, मगर कोई चिंता न करें, हमें बहुत दूर तक जाना है और ये बूढ़ा आदमी नहीं रुकेगा, चाहे 84 साल का हो जाऊं या 90 साल का। पवार ने कहा कि ये बूढ़ा आदमी तब तक नहीं रुकेगा जब तक महाराष्ट्र को सही रास्ते पर नहीं ले जाता। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कुछ युवा हाथों में बोर्ड लेकर खड़े थे उनका इशारा था कि अब शरद पवार बूढा हो गया है और राजनीति छोड़ देना चाहिए।

### शिंदे बोले- दाढ़ी वाले को हल्के में मत लेना




महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी सूबे की सियासत से जुड़ा बड़ा बयान दे डाला है। उन्होंने कांग्रेस-पवार वाली महाविकास अघाड़ी पर निशाना साधते हुए कहा, 'मुझे भी हल्के में लिया था, दाढ़ी को हल्के में मत लेना , दाढ़ी ने आपकी महाविकास अघाड़ी को गड्ढे में डालने का काम किया है. चालू सरकार को टांगा है।' शिंदे ने यह भी कहा कि ऐसा करने के लिए हिम्मत लागती है, डेयरिंग लगती है और जिगर लगता है। उल्लेखनीय है कि शिंदे ने शिवसेना से बगावत करके भाजपा से हाथ मिलाया था और राज्य में सरकार बना ली थी। उनकी इस सरकार में एनसीपी का अजित गुट भी शामिल है।

### लोकसभा के नतीजों से कांग्रेस आशावान तो हरियाणा से भाजपा

हाल के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीटों में इंडिया गठबंधन को 30 और एनडीए को 17 सीटें मिलीं।। इनमें भाजपा को 9, शिवसेना को 7 और एनसीपी को सिर्फ 1 सीट मिली है। भाजपा को 23 सीटों का नुकसान हुआ है। जबकि 2019 लोकसभा चुनाव से एनडीए को 41 सीटें मिली थीं। लोकसभा चुनाव के हिसाब से देखें तो भाजपा 60 सीटों के आसपास दिख रही है। विपक्षी गठबंधन के एक सर्वे में राज्य की 288 सीटों पर महाविकास अघाड़ी को 160 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। भाजपा के लिए मराठा आंदोलन सबसे बड़ी चुनौती है। हालंकि हाल में हरियाणा में एंटी इंकमबेंसी के बावजूद भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने से पार्टी का हौसला बढ़ा है।

### वायनाड समेत 3 लोकसभा व 49 विस सीटों पर चुनाव



इसके अलावा आज चुनाव आयोग केरल के वायनाड समेत देश की 3 लोकसभा सीटों पर भी उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। इसमें मप्र समेत 13 राज्यों की 49 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव की तारीखें घोषित होने के आसार हैं। ज्ञात हो कि केरल की वायनाड सीट राहुल गांधी के इस्तीफे, महाराष्ट्र की नांदेड़ सीट कांग्रेस सांसद और पश्चिम बंगाल की बशीरहाट सीट तृणमूल सांसद के निधन से खाली हुई है। इसी तरह विधानसभा सीटों में उत्तर प्रदेश की 10, राजस्थान की 7, पश्चिम बंगाल की 6, असम की 5, बिहार की 4, पंजाब की 4, कर्नाटक की 3, केरल की 3, मध्यप्रदेश की 2, सिक्किम की 2, गुजरात की 1, उत्तराखंड की 1 और छत्तीसगढ़ की 1 विधानसभा सीटें शामिल हैं।

## सीएम मोहन जाएंगे हरियाणा, हैदराबाद में इन्वेस्टर समिट टली

**दोपहर मेट्रो, भोपाल।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव कल हरियाणा जा रहे हैं। उन्हें केंद्रीय गृहमंत्री के साथ हरियाणा विधायक दल की बैठक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है। बैठक कल प्रस्तावित है और 17 अक्टूबर को नये सीएम की शपथ है। कल मुख्यमंत्री पहले दिल्ली जाएंगे, फिर वहां से हरियाणा के लिए रवाना होंगे। संभावना है कि वे शपथ के बाद ही मप्र लौटेंगे। इसे देखते हुए सरकार ने हैदराबाद में बुधवार और गुरुवार को होने वाली इन्वेस्टर समिट को आगे बढ़ा दिया है। बताया जा रहा है कि अब हैदराबाद इन्वेस्टर समिट रीवा में 23 अक्टूबर को प्रस्तावित रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव के बाद होगी। इसके लिए जल्द ही नई तारीख तय की जाएगी। सरकार इससे पहले देश के कई बड़े शहरों में ऐसे समिट कर चुकी है।



**हरियाणा के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक हैं यादव**

इधर आज मुख्यमंत्री यादव भोपाल में हैं लेकिन उनका कुछ मुलाकातों के अलावा उनका पूरा दिन आरक्षित है। माना जा रहा है कि वे जरूरी फाइल वर्क आदि निपटा रहे हैं। इसके अलाावा मप्र के दो विधानसभा क्षेत्रों बुधनी और विजयपुर में उपचुनाव संबंधी चर्चा भी कर रहे हैं।

## इजरायल पर 9/11 जैसे हमले की फिराक में हमास:खुलासा

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

गाजा का आतंकी संगठन हमास इजरायल पर 9/11 जैसा हमला करने की फिराक में रहा है, इसकी तैयारी भी की जाती रही थी तथा इस हमले की साजिश की पूरी जानकारी ईरान को थी। यह खुलासा लीक हुए कुछ दस्तावेजों से हुआ है, जिसे इजरायली डिफेंस फोर्सेस ने खान युनूस की सुरंगों से हासिल किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स और द वॉशिंगटन पोस्ट ने इन दस्तावेजों के आधार पर खबरें दी हैं। बताया गया है कि 10 महीने से इजरायल के पास ये दस्तावेज थे, तो ये इस समय क्यों और कैसे लीक हुए? अब कहा जा रहा है कि इजरायल ने जानबूझकर इन दस्तावेजों का कुछ हिस्सा लीक किया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमास-हिज्बुल्लाह और ईरान के खिलाफ मत बनाया जा सके। कुछ लोगों का मानना है कि दस्तावेज जारी करने की वजह ये भी हो सकती है कि जब इजरायल ईरान पर हमला करे तो दुनिया उसके साथ रहे। हाल में ईरान ने 180



बैलिस्टिक मिसाइलें इजरायल पर दागी थीं

**लेबनान में झड़प:** हिजबुल्लाह ने कहा कि दक्षिणी लेबनान के कई सीमावर्ती गांवों में इजरायली बलों के साथ उसकी झड़प हुई या हो रही है।एक बयान में कहा गया है, च्इस्लामिक प्रतिरोध लड़ाके विभिन्न प्रकार की मशीनगनों, रॉकेटों और तोपखाने के गोले का उपयोग करते हुए दोपहर से ऐता अल-शाब गांव में इजरायली दुश्मन बलों के साथ हिंसक झड़पों में लगे हुए हैं। झड़पें अभी भी जारी हैं

## सेंसेक्स ने 600 अंक का गोता लगाया, बाजार में हड़कंप



**मुंबई, एजेंसी।**

आज बाजार में शुरुआती कारोबार में बढ़त हासिल करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में गिरावट दिख रही है। दिन के ऊपरी स्तरों से बेंचमार्क सूचकांकों ने गोता लगा दिया है। रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में बिकवाली के कारण ऊपरी स्तरों से सेंसेक्स 600 अंकों तक नीचे फिसल गया। दूसरी ओर, निफ्टी भी कमजोर 25100 के नीचे आ गया। इससे पहले, बाजार में आज भी बढ़त का सिलसिला दिखा था। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में कारोबार की शुरुआत हरे निशान पर हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 327.39 अंक चढ़कर 82,300.44 पर पहुंच गया था। निफ्टी 84.1 अंकों की मजबूती के साथ 25,212.05 पर कारोबार करता दिखा मगर बाद में यह फिसलने लगे।

**मेट्रो एंकर**

### बृहस्पति ग्रह के लिए लांच हुआ स्पेसक्राफ्ट

## सबसे बड़ी यात्रा, यूरोपा के रहस्य जानने 5 साल में 290 करोड़ किमी चलेगा यान!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बृहस्पति ग्रह के चंद्रमा यूरोपा की स्टडी के लिए यान आखिरकार लॉन्च कर दिया। फ्लोरिडा के केप केनवरल स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से यूरोपा क्लिपर स्पेसक्राफ्ट हैवी रॉकेट से लॉन्च किया गया। इस यान को यूरोपा तक पहुंचने में 2030 तक का समय लगेगा। यूरोपा क्लिपर एक रोबोटिक सोलर पावर्ड यान है यह बृहस्पति ग्रह की कक्षा यानी ऑर्बिट में 2030 में प्रवेश करेगा। तब तक यह 290 करोड़ किलोमीटर की यात्रा करेगा। इस यात्रा में उसे करीब साढ़े पांच साल लगेंगे। इस लॉन्चिंग को पहले कुछ वजहो से टाल दिया गया था। खास बात यह है कि बृहस्पति ग्रह की ऑर्बिट में पहुंचने के बाद नासा का यान तीन साल में यूरोपा चंद्रमा के नजदीक से 49 बार गुजरेगा। इसकी सबसे नजदीकी यात्रा यूरोपा मून की सतह से 25



किलोमीटर ऊंचाई की होगी।

खबरों के मुताबिक यूरोपा क्लिपर को वहां पर धरती से 20 हजार गुना ज्यादा मैग्नेटिक फील्ड तथा भयानक रेडिशन का भी सामना करना होगा। इस ताकतवर मैग्नेटिक फील्ड की वजह से सौर कण को बृहस्पति खींचता है। इसलिए रेडिशएन बहुत ज्यादा होता है। ऐसे में यूरोपा क्लिपर को खतरा भी है। यूरोपा क्लिपर में 2750 किलोग्राम ईंधन है. जो इसे बृहस्पति तक लेकर जाएगा।

### 100 फीट लंबा, 58 फीट चौड़ा यान

यूरोपा क्लिपर स्पेसक्राफ्ट को नासा ने बेहद बड़ा बनाया है। यह 100 फीट लंबा है. जब इसके सोलर पैनल और एंटीना खुल जाते हैं, तब इसकी चौड़ाई कुल मिलाकर 58 फीट होती है। तब यह एक बास्केटबॉल कोर्ट के आकार का हो जाता है। इसका वजन करीब 6000 किलोग्राम है । बताया जाता है कि बृहस्पति ग्रह के पास 95 चंद्रमा है। बर्फीला यूरोपा चौथा सबसे बड़ा चांद है। यह धरती के व्यास का एक चौथाई है। इसकी सतह पर नमकीन पानी का बर्फीला समंदर है। माना जाता है कि इस चंद्रमा पर पृथ्वी से दोगुना पानी है। यह उम्मीद भी लगाई जाती है कि यहां पर जीवन मौजूद हो सकता है या पनप रहा होगा। यूरोपा का व्यास 3100 किलोमीटर है। पृथ्वी के बाद इस चंद्रमा पर जीवन का संकेत मिल सकता है। क्योंकि इसकी सह पर 15 से 25 किलोमीटर मोटी बर्फ की चादर ह। जिसके नीचे 60 से 165 किलोमीटर गहरा समंदर है।

## बहराइच में तनाव बरकरार, पीड़ित भी पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं

**बहराइच, एजेंसी।**



यूपी के बहराइच में मूर्ति विसर्जन को लेकर शुरु हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. भले ही बहराइच में पुलिस फोर्स की भारी तैनाती हो गई हो लेकिन उपद्रवियों पर काबू पाने में अभी भी पुलिस पूरी तरह सफल नहं है। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस के कई बड़े अधिकारी बहराइच में डटे हैं। वहीं पीड़ित परिवार पुलिस के कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है

अब यह भी कहा जाने लगा है कि पुलिस-प्रशासन की नाकामी से ही बहराइच में हिंसा भड़की। प्रतिमा विसर्जन के दिन सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी थे। हिंसा होने का कोई भी इनपुट नहीं था। हैरानी यह है कि हिंसा के दूसरे दिन भी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने में अफसर नाकाम साबित हुए। इसलिए दूसरे दिन बवाल, तोड़फोड़ और आगजनी हुई। खुफिया तंत्र फेल रहा। पूरे घटनाक्रम में एडीजी जोन से लेकर आईजी और एसपी बहराइच सवालों के घेरे में आ गये हैं।दरअसल शहर में हर साल प्रतिमा विसर्जन होता है, जिसमें डीजे के साथ शोभायात्रा निकाली जाती है। ऐसे में पुलिस अफसरों की जिम्मेदारी थी कि वह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते।

## हमीदिया अस्पताल में आउटसोर्स कर्मचारियों ने वेतन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



## मप्र राज्य ट्रायथ्लॉन अकादमी के खिलाड़ी यश बाथरे ने जीते 2 पदक

**भोपाल।** वर्ल्ड मार्डन पेन्टाथ्लॉन चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन 8 से 14 अक्टूबर इजिप्ट में किया गया। चैम्पियनशिप में खेल अकादमी के ट्रायथ्लॉन खिलाड़ी यश बाथरे ने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुये 1 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 2 पदक अर्जित कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया।



इजिप्ट में आयोजित इस मार्डन पेन्टाथ्लॉन चैम्पियनशिप में खेल अकादमी के खिलाड़ी यश बाथरे ने ट्रायथ्ले टीम इवेन्ट में रजत और बाईथ्ले टीम इवेन्ट में कांस्य पदक अर्जित किया।

### खेल मंत्री ने दी बधाई

खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल अकादमी के ट्रायथ्लॉन खिलाड़ी यश बाथरे द्वारा अर्जित इस खेल उपलब्धि की सराहना करते हुये बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि यश बाथरे ने वर्ल्ड कप में 2 पदक जीतकर इतिहास रचा है।

## शिवाजी नगर में ब्लैक आऊट का आलम

### विसर्जन के दौरान असहज स्थितियां बनीं



फाइल फोटो

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।** राजधानी के शिवाजी नगर के पांच नंबर इलाके में कल रात को लाइटें गुल होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल जिस वक्त लाइटें बंद हो रहीं थीं उसी समय यहां लिंक रोड दो पर स्थित तालाब में मूर्ति विसर्जन का सिलसिला भी चल रहा था। वहीं कुछ झांकियां भी यहां से निकल रही थीं। तालाब के आसपास महिलाओं बच्चों की भारी भीड भी थी लेकिन बिजली के अभाव में यहां काफी अफरातफरी की स्थिति रही। कई झांकी आयोजक और स्थानीय लोग स्थानीय अफसरों से व्यवस्था बनाने के लिये गुहार करते रहे। स्थानीय पार्षद योगेंद्र चौहान गुड्डु ने भी बिजली गुल करने पर आपतित्त जताई व अफसरो से सवाल भी किये। उन्होंने कहा कि अंधेरे और भीड़ की इस स्थिति से यदि कोई अप्रिय घटना हुई तो जवाबदारी कौन लेगा। इस दौरान वार्ड 46 के अंतर्गत 105 से लेकर 111 तक के ब्लाक में अंधेरा छाया रहा। पार्षद चौहान ने कहा कि उन्होंने अफसरों से काफी अनुरोध किये लेकिन कोई संतोषजनक जवाब देने को तैयार नहीं था। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भारी संख्या में मौजूदगी व भीड से काफी असहज स्थितियां पैदा हो गई। हालांकि हबीबगंज पुलिस इस तरह की दिक्कतें पैदा होने से इंकार कर रही है।

इधर बिजली अफसरों का कहना है कि मार्ग से 20 फिट से ज्यादा उंची प्रतिमाएं निकलना थी। इससे बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त होने का खतरा भी था इसलिए सावधानी बरतते हुऐ बिजली सप्लाई बंद करना पड़ी थी।

### देश की पहली ट्रेन जो 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ेगी

# वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस का भोपाल-लखनऊ के बीच होगा ट्रायल

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।** मप्र में पहली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ट्रेन नवंबर के आखिरी तक शुरू हो सकती है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन देश की पहली ऐसी ट्रेन है जो 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी।

**नवंबर के अंत तक शुरू होगी**

वर्तमान में मप्र में भोपाल से हजरत निजामुद्दीन, भोपाल से इंदौर, भोपाल से जबलपुर होकर रीवा एवं भोपाल से इंदौर उज्जैन होकर नागपुर तक वंदे भारत ट्रेन की सेवाएं मिल रही हैं। रेल मंत्रालय ने पहले चरण में दिल्ली-कोलकाता और दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर वंदे भारत का स्लीपर वर्जन चलाने का निर्णय लिया है। भोपाल मंडल में इसे आरकेएमपी से लखनऊ के बीच चलाने ट्रायल रन शुरू होगा।

वंदे भारत ट्रेन सभी आधुनिक संसाधनों से लैस रहेगी। भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड बेंगलुरु में बनकर तैयार इस ट्रेन का ट्रायल रन चल रहा है। वहीं रेलवे अधिकारियों का कहना है कि वंदे भारत स्लीपर वर्जन को जल्द ही यात्रियों के लिए समर्पित किया जाना है। इसका शेड्यूल ओर ट्रायल रन प्रोग्राम रेलवे बोर्ड स्तर पर तय किया जाना लंबित है। जल्द ही इसके जारी होने की उम्मीद है।



### कुछ हिस्सा भोपाल में होगा तैयार

जानकारी के अनुसार इसका कुछ हिस्सा भोपाल की निशातपुरा कोच फैक्ट्री में तैयार किया जाना है। वंदे भारत की कंप्लीट ओवर ऑयलिंग का काम बैरागढ़ के पास बनने वाले मेंटेनेंस हब में किया जाएगा। भारत की सबसे लोकप्रिय ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस पूरी तरह तैयार है। स्लीपर कोच के नए डिजाइन का निर्माण इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) और भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीइएमएल) द्वारा किया जा रहा है।

### ऐसा होगा नया स्वरूप

- 16 कोच की इस ट्रेन में एसी-3 के 10 कोच एसी-3, चार कोच एसी-2 और एक कोच एसी-1 का होगा।
- दो कोच एसएलआर (दिव्यांग फ्रेंडली) होंगे।
- ट्रेन के स्टील दरवाजे प्लेटफॉर्म पर ट्रेन के रुकने के बाद ही खुलेंगे और चलने के हूटर के साथ अपने बंद हो जाएंगे।
- वंदे भारत ट्रेन में अन्य ट्रेनों के मौजूदा स्लीपर कोचों की तुलना में व्यापक बर्थ और शानदार इंटीरियर है। ट्रेन में बड़े आकार के शौचालय भी होंगे।
- नए स्लीपर संस्करण के साथ रेलवे जिन तीन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान दे रहा है वे हैं-गति, सुरक्षा और सेवा।
- आईसीएफ एक नई प्रकार की वंदे भारत ट्रेन भी विकसित कर रहा है जिसे `वंदे मेट्रो' कहा जाता है। यह 12 कोच वाली ट्रेन होगी,जिसे कम दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन किया गया है।

## निगम-मंडल कर्मचारियों ने मांगा दीपावली पूर्व वेतन



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।** मध्य प्रदेश में कर्मचारियों को महीने की 1 से 10 तारीख के बीच वेतन दिया जाता है। इस बार रोशनी का पर्व दीपोत्सव 31 अक्टूबर को पढ रहा है, जिसे देखते हुए निगम, मंडल, बोर्ड, परिषद, प्राधिकरण, सहकारी संस्थाओं ने 25 अक्टूबर तक वेतन भुगतान करने की मांग की है। अर्द्ध शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सार्वजनिक उपक्रम संघ के प्रांताध्यक्ष अरुण वर्मा एवं सेमी गवरमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेई ने सभी संस्थाओं के प्रबंध संचालकों से अनुरोध किया है कि निगम, मंडल, बोर्ड, परिषद, प्राधिकरण, सहकारी संस्थाओं, निजी संस्थानों में कार्यरत आउटसोर्स, संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को दीपावली के पूर्व वेतन एवं बोनस का भुगतान किया जाए। मांग का समर्थन वरिष्ठ कर्मचारी नेता श्याम सुंदर शर्मा, ओपी सोनी, एससी त्रिपाठी, सुरसरि पटेल, हातिम अली अंसारी, पीसी जैन, राजू अवस्थी, बाबू खान, संजय दीक्षित, संजय जैन सहित अनेक कर्मचारी नेताओं ने किया है।

## शरद पूर्णिमा पर 16 को भजन संध्या

**हिरदाराम नगर।** सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर शरद पूर्णिमा पर बालाजी बालकृष्ण मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, चंद्रमा की किरणों से शरद पूर्णिमा पर अमृत बरसता है वह अमृत वाली खीर ग्रहण करने से रोगों का निवारण होगा। पर्व पर 16 अक्टूबर को शाम 7.00 बजे से ब्राह्मणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ होगा। पंडित रवि पटेरिया ने कहा है शरद पूर्णिमा का बहुत बड़ा महत्व रहता है जिसमें कृष्ण गोपाल का अभिषेक दूध, दही, शहद से किया जाएगा। भूपेंद्र सिंह गुर्जर, ,विष्णु प्रसाद बाथम, नवीन रामचंदानी, रोहित चौहान, मोनू श्रीवास्तव, अमित दीक्षित अनिल मराठा, सोनू मेहरा, राकेश राजपूत को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल मिला

## महिला अपराधों को लेकर कांग्रेस ने विधायक शर्मा को सौंपा ज्ञापन


**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संतनगर ने विधायक रामेश्वर शर्मा से मुलाकात की। प्रदेश में बलात्कार की बढ़ती घटनाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जनप्रतिनिधि होने के नाते कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपेक्षा की। ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण के नेतृत्व में विधायक रामेश्वर शर्मा को उनके निवास पर जाकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में अबोध बालिकाओं के साथ बलात्कार एवं हत्या की घटनाओं से प्रदेश में कानून व्यवस्था का सवाल उठ रहा है।

तीन साल की बच्चियों से लेकर 75 साल की महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। महिला अपराधों में मध्यप्रदेश नंबर वन पर पहुंच गया है। जनप्रतिनिधि होने के नाते आप अपने-अपने स्तर पर कड़े एवं प्रभावी कदम उठाएं तथा प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी शक्ति के साथ ऐसे प्रयास करे ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रतिनिधि मंडल में उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, कांग्रेस नेता विष्णु मारण, जगदीश सांवले व अन्य कांग्रेसी नेता शामिल थे।



## आचार्य विद्यासागर महाराज की 79वीं जयंती 17 को

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।** आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की 79वीं जयंती भोपाल में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर विद्या गुरु विधान और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शहर के 27 जैन मंदिरों में पिछले 15 दिन से इस आयोजन की तैयारियां चल रही हैं।



कार्यक्रम संयोजक रवीन्द्र जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आचार्यश्री विद्यासागर महाराज का अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा, 17 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह 7 बजे जैन मंदिर प्रोफेसर कॉलोनी में विद्या गुरु विधान शुरू होगा। यह आयोजन पदमकुमार सेठी, मनोज जैन आरएम की ओर से होगा। प्रतिष्ठाचार्य पं.कमल कुमार कमलांकुर संगीत के साथ विधान कराएंगे। मनोज सीमा जैन को विधान का सौधर्म इन्द्र बनने का सौभाग्य मिला है। इसके बाद विधान में शामिल सभी लोगों का सामूहिक भोजन होगा।

प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि इसी दिन शाम 7 बजे रवीन्द्र भवन के 1500 सीटर हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। भोपाल के 27 जैन मंदिरों की टीमें भक्ति नृत्य प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर जस्टिस अभय गोहिल को समाजरत्न सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर** | कार्यवाहक अध्यक्ष ने कहा- माधु अध्यक्ष नहीं, फैसला हुआ ही नहीं

# माधु चांदवानी आज संभालेंगे अध्यक्ष का काम

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।** पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव माधु चांदवानी मंगलवार को अध्यक्ष का दायित्व संभालेंगे। रविवार को पदाधिकारियों की बैठक में साधारण सभा के फैसले पर अमल का निर्णय लिया गया था। लेकिन, कार्यवाहक अध्यक्ष भरत आसवानी ने एक बयान जारी कर कहा है कि जिस साधारण सभा के फैसले की बात कहीं जा रही है, वह झूठ है। सभा में तय किया गया था कि साधारण सभा या अगले चुनाव तक भरत आसवानी ही कार्यवाहक अध्यक्ष बने रहेंगे।



आसवानी ने कहा कि सोशल मीडिया पर यह खबर प्रसारित है कि साधारण सभा के आधार पर पदाधिकारियों ने माधु चांदवानी को अध्यक्ष नियुक्त किया है। वास्तव में नया अध्यक्ष चुनने का अधिकार केवल साधारण सभा को है, दूसरा रास्ता आम चुनाव है। आसवानी ने कहा है कि पिछले दिनों 20 जुलाई 2024 को हुई साधारण सभा में अध्यक्ष पद पर माधु चांदवानी एवं महासचिव पद पर भरत आसवानी की नियुक्ति का प्रस्ताव आया था लेकिन साधारण सभा में यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका था। अब फिर से पदाधिकारियों ने बिना मेरे को जानकारी दिए बैठक कर मनमाना निर्णय ले लिया है, जो संविधान सम्मत नहीं है। जब तक अगली साधारण में सहमति नहीं देती तब तक भरत आसवानी ही कार्यवाहक अध्यक्ष बने रहेंगे। रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसायटी के नियम भी यही कहते है। ऐसे में यदि कोई और स्वयं को अध्यक्ष घोषित करता है तो वह संविधान के विपरीत होगा साथ ही सामाजिक मर्यादाओं के भी विपरीत होगा। आसवानी ने कहा है कि मुझे पद की लालसा नहीं। अगली साधारण सभा जो तय करेगी मुझे स्वीकार होगा।

### साधारण सभा में तय हुआ

वहीं, पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव माधु चांदवानी का कहना है कि साबूमल रीझवानी के निधन के बाद से कार्यवाहक अध्यक्ष व्यवस्था को खत्म करने का निर्णय साधारण सभा में हो चुका है। साधारण सभा में महासचिव को लेकर विवाद था, इसलिए उसे होल्ड रखा गया है। मैं पदाधिकारियों द्वारा तय की गई तारीख 15 अक्टूबर 2024 को पदभार संभालूंगा। महासचिव के नाम पर फैसला अगली साधारण सभा की बैठक में होगा।

## पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई शुरूआत, 10वीं में 11 और कक्षा 12वीं के पाठ्यक्रम में 18 विषय शामिल

# प्रदेश के 53 ईएफए स्कूलों में शुरू हुई कम्प्यूटर प्रयोग शालाएं, पढ़ाया जा रहा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेश के 53 एजुकेशन फॉर ऑल (ई.एफ.ए.) स्कूलों में कम्प्यूटर प्रयोग शालाएं आधुनिकतम एवं इंटरनेट व्यवस्था की गई हैं। विद्यार्थियों को इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से कम्प्यूटर से जुड़ी तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। कम्प्यूटर प्रयोग शालाओं में न्यूनतम 40 से लेकर 100 कम्प्यूटर तक लगाए गए हैं। छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अध्ययन सामग्री, जिसमें विगत वर्षों के प्रश्न-पत्र और अन्य जानकारी ओपन बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। ओपन स्कूल की कक्षा 10वीं में 11 और कक्षा 12वीं के पाठ्यक्रम में 18 विषय शामिल हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड और माइक्रोसॉफ्ट ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा के संबंध में एमओयू किया है। माइक्रोसॉफ्ट प्रशिक्षण मॉड्यूल उपलब्ध कराते हुए ई.एफ.ए. स्कूलों में प्रशिक्षण की व्यवस्था कर रहा है। प्रदेश के 53 चयनित शासकीय ईएफए स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक सीखने में सहायक हो रहा है। यह पाठ्यक्रम एक विषय के रूप में 8वीं से 12वीं तक की कक्षाओं में प्रारंभ किया गया है। इसकी कुल अवधि 240 घंटे है। पिछले वर्ष कक्षा 8वीं में 619, कक्षा 9वीं में 1303 और कक्षा 10वीं में 995 विद्यार्थियों ने इस विषय में अध्ययन प्राप्त किया है।

### जन-सामान्य को भी सशुल्क सुविधा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में डिजिटल प्रौद्योगिकी के जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑनलाइन शिक्षण मंच और उपकरणों की उपलब्धता की सिफारिश की गई है। इन प्रयोगशालाओं का उपयोग विद्यार्थी स्कूल के समय के दौरान इस तकनीक को सीखने का प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयोगशालाओं का लाभ जन-सामान्य को भी सशुल्क सुविधा के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। कम्प्यूटर प्रयोगशालाओं के माध्यम से विभिन्न ऑनलाइन परीक्षाएं एवं प्रशिक्षणों का आयोजन भी किया जा रहा है। इन प्रयोगशालाओं में शिक्षकों को डिजिटल तरीके से पावर पाइंट प्रेजेंटेशन देने का प्रशिक्षण भी दिलाया गया है।

## सीएस ने मैदानी अफसरों से पूछा

# जब विधायकों की सुनवाई हो रही तो सिस्टम से नाराजी क्यों?

### वीडियो कांफ्रेंस में दी सख्त हिदायतें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आम आदमी के साथ ही कई विधायक सरकारी सिस्टम में सुनवाई नहीं होने के कारण नाराज है। मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल तो पुलिस कार्यालय में दंडवत कर चुके हैं। सागर के देवरी विधायक बृजबिहारी पटेरिया ने धरने पर बैठकर इस्तीफा दे दिया था। नरयावली विधायक प्रदीप लारिया द्वारा शराब की अवैध बिक्री व नशे के कारोबार पर कार्रवाही नहीं होने पर आपत्ति ले चुके हैं। इस बीच सीएस अनुराग जैन ने उक्त घटनाओं पर सोमवार को आपत्ति ली और मैदान में तैनात आईएएस व आईपीएस को हिदायतें दीं। वे वीडियो कांन्फ्रेसिंग के जरिए राजस्व संभागों के कमिश्नर, जिलों के कलेक्टर और रेंज के पुलिस महानिरीक्षक व जिलों के पुलिस अधीक्षकों से बात कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक उक्त विधायकों के नाराज होने की घटनाओं पर सीएस ने संज्ञान लिया और संबंधित कमिश्नर व पुलिस महानिरीक्षकों से कि ये घटनाएं ठीक नहीं है। इसके पीछे अनसुना करने की बात छिपी हो सकती है। यदि यह सच है तो इसमें तत्काल सुधार की जरुरत है।




### अफसरों को दिए ये निर्देश

सूत्रों के मुताबिक सीएस का पूरा फोकस कानून व्यवस्था में सख्ती लाने और लोगों की सुनवाई संतोषजनक तरीके से करने को लेकर दिखा। उन्होंने कहा है कि नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही करें, गोवंश परिवहन बंद कराएं, प्रदेश के पास पर्याप्त खाद-बीज हैं इसलिए जिलों के अंदर की अंदरुनी व्यवस्था ठीक कर वितरण कराएं। जिन क्षेत्रों के किसानों को पहले जरुरत है, उन्हें पहले वितरण करें, कालाबाजारी न हो, यह कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी है। सूत्रों के मुताबिक सीएस ने कहा कि केंद्र व राज्य की पहली प्राथमिकता वाली सभी परियोजनाओं की शतत निगरानी व समीक्षा करें। दीपावली आ रही है इसलिए पटाखा दुकानों, गोदामों, उनके लाइसेंसों की समीक्षा कर लें। रबी फसलों की बुवाई व सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर पहली बार खरीदी होनी है, इसलिए इंतजाम ठीक से कर लें। स्वास्थ्य, शिक्षा पर विशेष फोकस करें।

### फिर दोहराया, नागरिकों को अनसुना न करें

वीडियो कान्फ्रेसिंग में फिर से दोहराया कि आम नागरिक, जनप्रतिनिधि और अपने से नीचे के अधिकारियों को गंभीरता से सुने। उनके अच्छे सुझावों पर अमल करें और शिकायतों का निराकरण कराए। किसी भी स्तर पर प्रकरण लंबित न रहे। सीएस कहा कि सुनेंगे तभी, कमियों को पकड़ पाएंगे। यह काम में सुधार लाने का प्रभावी तरीका होगा। सुनेंगे तो किसी को शिकायत करने का मौका ही नहीं मिलेगा। सीएस सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक अधिकारियों के साथ बैठे थे। मंत्रालय में उनके साथ सभी अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव भी थे। डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना बालाघाट से जुड़े थे।

# स्टेशनरी और यूनिफॉर्म को लेकर आदेश तो दे दिए, लेकिन टीमें मैदान से गायब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निजी स्कूलों की स्टेशनरी-यूनिफार्म को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन कार्यवाही करने वाली टीमें सक्रिय नजर नहीं आ रही है। विभाग के पास पहुंची कुछ शिकायतें अब तक पेंडिंग हैं। ऐसे में अभिभावक महासंघ ने स्कूल शिक्षा विभाग से निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) नरेंद्र कुमार अहिरवार ने इस संबंध में नए आदेश जारी किए हैं। जिसमें डीईओ ने साफ?हिदायत दी है कि यूनिफार्म और किताबों को लेकर अभिभावकों पर किसी प्रकार का दवाब नहीं बनाया जाएगा। न ही किसी विशेष दुकान से पुस्तकें, यूनीफार्म तथा अन्य सामाग्री विक्रय कराई जाने तथा क्रय करने के लिए बाध्य न किया जाए। सभी दुकानों पर किताबें और यूनिफार्म आसानी से उपलब्ध कराई जाएं। विद्यालय की स्टेशनरी, यूनिफार्म पर स्कूल का नाम प्रिंट करवाकर दुकाने से क्रय करने अथवा एक विशिष्ट दुकान से यूनिफार्म, पुस्तकें बेंचना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने निजी स्कूलों को लेकर जारी किए थे आदेश

### शिकायत पहुंचने का इंतजार

जारी आदेश में कहा गया है कि किसी प्रकार की शिकायत मिलने की स्थिति में नियमानुसार स्कूल पर कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश नए सत्र को ध्यान में रखते हुए जारी किए गए हैं। बता दें कि इसको लेकर पूर्व में ही कलेक्टर द्वारा भी अगले शिक्षा सत्र के लिए निर्देश जारी कर चुके हैं। हालांकि अभिभावकों का कहना है कि कई मामलों में निजी अभिभावक लिखित शिकायत नहीं कर पाते हैं, ऐसे में शिकायत मिलने का इंतजार करना गलत है। विभाग को चाहिए कि वह मैदान उतरकर कार्यवाही करे।

# प्रतिनियुक्ति पर तैनात शिक्षकों की रुकी तनखवाह



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्ति पर तैनात अमले को अब तक वेतन नहीं मिला। शिक्षक संगठनों ने लोक शिक्षण संचालनालय को इसकी शिकायत दर्ज कराई है। यह स्थिति जनपद शिक्षकों और विकास खंड समन्वयकों के साथ बनी है। इनमें से अधिकांश की नियुक्ति स्कूलों में हैं, जबकि काम फील्ड का देख रहे हैं। इन पर स्कूलों की मॉनिटरिंग से लेकर विद्यार्थियों तक सुविधाएं पहुंचाने का जिम्मा है। ऐसे में इनका वेतन जहां से जारी हो रहा वहां ये काम नहीं कर रहे हैं। वेतन अटकने के पीछे ये मुख्य कारण बताया जा रहा है। जबकि इन्हें प्रतिनियुक्ति पर विभाग ने ही भेजा है। शासकीय शिक्षक संगठन के उपेन्द्र कौशल ने बताया कि त्योहारी सीजन के दौरान इस स्थिति के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। त्योहारी सीजन के दौरान लोग ज्यादा परेशान हैं। लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों को ज्ञापन सौंप जल्द वेतन भुगतान के लिए मांग की गई है।

# नवोदय में नवमीं और ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नवोदय विद्यालय समिति ने जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 9वीं और 11वीं के रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तय की गई है। वहीं चयन परीक्षा का आयोजन 8 फरवरी को किया जाएगा। जारी अधिसूचना के अनुसार, कक्षा 9वीं के लिए उम्मीदवार की जन्म तिथि 1 मई 2010 से 31 जुलाई 2012 के बीच की होनी चाहिए। 11वीं के लिए पात्रता निर्धारित की गई है। जिसमें उम्मीदवार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उसी जिले में सरकारी, सरकारी मान्यताप्राप्त स्कूल में कक्षा दसवीं में पढ़ रहा हो जहां जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित हो रहा है। 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के बीच जन्म हुआ हो।

# मंत्री तोमर का ऊर्जा विभाग शिकायतों को सुनने में सबसे आगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का ऊर्जा विभाग शिकायतों को सुनने में सबसे आगे है। यह दावा विभाग की ओर से किया है। वह भी तब जब प्रदेश भर में बिजली कंपनियों से जुड़ी शिकायतें आ रही है। असल में लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर मिलने वाली शिकायतों व निराकरण की स्थिति को लेकर हर महीने समीक्षा होती है। जिसमें पाया गया है कि ऊर्जा विभाग 52 विभागों की जारी ग्रेडिंग में जून 2023 से अगस्त 2024 तक सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों में सबसे अधिक निराकरण करने में लगातार पहले स्थान पर बना हुआ है। लोक सेवा प्रबंधन विभाग के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों व उनके निराकरण को लेकर समीक्षा करते हैं। जिसमें यह देखा जाता है कि किस विभाग की कितनी शिकायतें आईं और उनके निराकरण की स्थिति क्या है। इस आधार पर विभागों को ग्रेडिंग जारी की जाती है। यह एक तरह से विभागों की परफार्मेंस के आंकलन का तरीका है। शिकायतकर्ताओं से उनकी संतुष्टि का फीडबैक भी लिया जाता है। सरकार ने यह व्यवस्था 2014 से शुरू की है। जिसमें कोई भी नागरिक दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं की कमी के संबंध में शिकायत कर सकता है। ऊर्जा विभाग ने अपने विभाग से जुड़ी शिकायतों के लिए एल-1 अधिकारी के रूप में कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता, एल-2 अधिकारी के रूप में कार्यपालन अभियंता, एल-3 अधिकारी के रूप में अधीक्षण अभियंता एवं एल-4 अधिकारी के रूप में मुख्य अभियंता की ड्यूटी लगाई है, जिन्हें 7 दिन में निराकरण करना होता है।

**मेट्रो एंकर** | स्थापना करने के लिए 156 करोड़ 88 लाख का व्यय प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा

# छात्रावास, आश्रम शालाओं सहित अब 2,378 संस्थाओं में लगाया जाएगा सोलर पॉवर सिस्टम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जनजातीय कार्य विभाग के अधीन सभी छात्रावास, आश्रम शालाएं, कन्या शिक्षा परिसर, क्रीड़ा परिसर सहित अन्य विशिष्ट श्रेणी की संस्थायें अब सोलर पॉवर से जगमगाएंगी। इन सभी संस्थाओं में विद्युत की निर्बाध आपूर्ति एवं मासिक बिजली बिल में कमी लाने के लिए यहां सोलर पॉवर सिस्टम लगाये जायेंगे। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अधीनस्थ 2,378 संस्थाओं में सोलर पॉवर सिस्टम की स्थापना करने के लिये 156 करोड़ 88 लाख रूपये से अधिक का व्यय प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिये भेजा जा रहा है। सोलर पॉवर सिस्टम लगने से इन सभी संस्थाओं में ई-कक्षाएं (स्मार्ट क्लासेस, स्मार्ट लैब) लगाने तथा नई तकनीकों से विद्यार्थियों को स्कूली परीक्षा सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की स्मार्ट तैयारी से जोड़ने में भी सुविधा होगी। विभागीय कार्ययोजना को अनुमोदन मिलते ही इन सभी संस्थाओं में सोलर पॉवर सिस्टम लगाने की कार्यवाही शुरू की जायेगी।



### सुरक्षा के लिए लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

छात्रावासों, आश्रम शालाओं एवं अन्य विशिष्ट श्रेणी की संस्थाओं में रहकर अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनजातीय कार्य विभाग ने इन सभी विभागीय संस्थाओं में आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा की रेगुलर मॉनिटरिंग के लिये सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लेकर ठोस प्रस्ताव तैयार किया है। विभाग के अधीन ऐसी कुल 2,810 संस्थायें हैं। इनमें से 1,305 संस्थाओं में पहले से ही सीसीटीवी कैमरे स्थापित हैं। शेष सभी विभागीय संस्थाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिये विभाग ने करीब 10 करोड़ 54 लाख रूपये का अनुमानित व्यय प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इससे छात्रावासों/आश्रम शालाओं एवं अन्य विशिष्ट संस्थाओं में छात्रावासी विद्यार्थियों के अध्ययन-अध्यापन एवं अन्य गतिविधियों की भी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा सकेगी।



## संपादकीय

# फिर हरियाणा वाला दांव

महाराष्ट्र में अगले दो महीने के भीतर विधानसभा चुनाव का घमासान इस बार अन्य पूर्ववर्ती चुनाव के मुकाबले ज्यादा दिचलस्प और उलझा हुआ नजर आ रहा है। लिहाजा सत्तारूढ गठबंधन हर युक्ति आजमा रहा है। वहां की महायुति सरकार ने हाल में जिस तरह से ओबीसी आरक्षण के लिए निर्धारित नॉन क्रीमीलेयर सीमा को लगभग दोगुना करवाने का संकेत दिया, उससे दो बातें बिल्कुल साफ हो गई हैं। पहली तो यह,कि सत्तारूढ़ एनडीए खेमा हरियाणा में मिली अप्रत्याशित जीत से बने उत्साहपूर्ण माहौल में एक पल भी गंवाए बगैर अपना पूरा ध्यान महाराष्ट्र चुनाव पर लगा चुका है। दूसरी बात यह कि हरियाणा के अनुभव की रोशनी में उसने यहां सबसे बड़ा दांव ओबीसी समुदाय के वोटरों पर लगाने का फैसला किया है। हालांकि इस बीच कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने राज्य में कानून व्यवस्था का मुद्दा उठा दिया है। इसकी वजह वहां पूर्व मंत्री रहे बाबा सिद्दीकी की हत्या है, यह हत्याकांड भाजपा-एकनाथ शिंदे की सरकार के लिये परेशानी बन सकता है,क्योंकि वे इसी गठबंधन से जुडे दल के नेता थे तथा उन्हें हत्या से छह दिन पहले ही धमकी मिली थी। मगर इसके ठीक पहले यानि क्रीमीलेयर संबंधी घोषणा की बात की जाए तो साफ नजर आता है कि इसका हरियाणा में भाजपा को मिली जीत से ही नहीं, अपितु वहां अपनाई गई रणनीति से भी सीधा संबंध है। चुनाव से पहले के हालात हरियाणा में भी भाजपा के अनुकूल नहीं थे। वहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसी साल जून महीने में ओबीसी समुदायों से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान नॉन-क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाने का वादा किया था। कई लोग मानते हैं कि इस वादे ने अंदर ही अंदर इस समुदाय के वोटरों पर निर्णायक प्रभाव डाला। मगर महाराष्ट्र की राजनीति के संदर्भ में देखें तो यह फैसला और ज्यादा अहमियत रखता है। यहां मराठा आरक्षण की मांग पिछले कुछ समय से खासी चर्चित रही है। लोकसभा चुनावों से पहले राज्य सरकार ने मराठा समुदाय को ओबीसी कोटे के अंदर से ही रिजर्वेशन देने की घोषणा की थी। माना जाता है कि महायुति को इसका खामियाजा इस वर्ग के वोटरों की नाराजगी के रूप में भुगतना पड़ा। इस लिहाज से महायुति सरकार के ताजा फैसले को लोकसभा चुनावों की गलती को दुरुस्त करने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। यह मांग कुछ कोनों से उठाई भी जा रही थी। आठ लाख की मौजूदा सीमा के कारण इन परिवारों का एक बड़ा हिस्सा जो इस सीमा से थोड़ा ही ऊपर था, वंचित महसूस कर रहा था। आर्थिक तौर पर सशक्त न होने के बावजूद वह आरक्षण का फायदा नहीं उठा पा रहा था। अगर यह सीमा 15 लाख रुपये सालाना कर दी जाती है, और जैसा कि राज्य सरकार के स्तर पर संकेत दिया जा रहा है, संभवतः जल्दी ही कर भी दी जाएगी, तो ऐसे तमाम परिवार इससे प्रभावित होंगे। एनडीए को उम्मीद है कि इससे न सिर्फ उसे वोटों का फायदा होगा बल्कि अपने अनुकूल माहौल बनाने में भी सहायता मिलेगी। बहरहाल, चुनावी नफा-नुकसान से थोड़ा अलग हटकर देखें तो तय है कि इस तरह के दांव-पेच न तो अच्छे नीतिगत फैसलों को जन्म दे पाते हैं और न ही आम लोगों के दीर्घकालिक हितों को पूरा कर सकते हैं। फिर भी ये चुनाव-दर-चुनाव चलते चले आ रहे हैं। यह पूरी तरह मतदाता के तात्कालिक हित को ध्यान में रखकर व सरकार में बने रहने पर केंद्रित होते हैं,किसी भी दल की पहली जरूरत भी यही होती है।

शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान ही नहीं देता, वह उनके जीवन में, मन में, सपने भी भर देता है।

-ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

## आज का इतिहास

- 1788 : मराठों ने शाह आलम को दिल्ली की गद्दी पर बिठाया।
- 1868 : डेनमार्क ने निकोबार द्वीप समूह के अधिकार ब्रिटेन को बेचे और इसके साथ ही भारतीय उपमहाद्वीप से डेनमार्क के दखल का आखिरी निशान भी मिट गया।
- 1905 : भारत के तत्कालीन वायसराय लार्ड कर्जन के आदेश पर बंगाल का विभाजन।
- 1914 : चीन के कम्युनिस्टों ने दस हजार किलोमीटर की यात्रा शुरू की, जिससे कम्युनिस्ट क्रांति का आधार दक्षिण-पूर्व चीन से बदलकर उत्तर पश्चिम चीन हो गया और माओ त्से तुंग चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अविवादित नेता के रूप में उभरे।
- 1919: द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटिश क्षेत्र पर पहला हमला किया।
- 1942 : बंगाल में आए प्रलयंकारी तूफान में 40 हजार लोगों की मौत।
- 1944: प्रसिद्ध तबला वादक ल'छू महाराज का जन्म।
- 1948: बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी का जन्म।
- 1948: ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का जन्म।
- 1951: पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की रावलपिंडी में गोली मारकर हत्या।
- 1959: राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद की स्थापना।
- 1964 : परमाणु स्पर्धा में शामिल होने को उत्सुक चीन ने अपने पहले परमाणु बम का सफल परीक्षण किया।
- 1968: हरगोविंद खुराना को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 1978 : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने पाकिस्तान में फैसलाबाद टेस्ट से अपने क्रिकेट जीवन की शुरुआत की ।
- 1984: दक्षिण अफ्रीका के सामाजिक कार्यकर्ता डेसमंड टुटु को शांति के लिये नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- 1999: अमेरिका ने सैन्य शासन के विरोध में पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाया।

## निशाना

### खड़े हुए सवाल !



- कृष्णेन्द्र राय

अराजकता-अफरातफरी ।
जारी है बवाल ।।
बढ़ रहा तनाव पल पल ।
खड़े हुए सवाल ।।
ये कैसा व्यवहार है ?
कौन जिम्मेदार ।।
थी कैसी तैयारी ।
क्या उसका आधार ।।
बिगड़ गए हालात ।
रोक नहीं पर पाए ।।
शांति और खुशहाली ।
टेढ़ी आंख दिखाए ।।
होगा देना उत्तर ।
राह नहीं आसान ।।
लेकिन खाया चोट ।
ये अपना सम्मान ।।

# महंगाई पर नियंत्रण रखने सरकार की चुनौती बढ़ी

■ डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**अब सरकार को भी महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढ़ना होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा।**



हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक की क्रेडिट पॉलिसी कमेटी बैठक में आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष से निर्मित वैश्विक संकट से भारत में महंगाई बढ़ने की जोखिम के मद्देनजर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ये लगातार 10वीं बार है जबकि रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में अधिक तनाव बढ़ने पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। इन दिनों ईरान और इस्राइल सहित पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने से भारत की आर्थिक चुनौतियां बढ़ गई हैं। ये चुनौतियां कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा इस्राइल और ईरान के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं। स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पड़ना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढ़ने के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना कुछ निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्तूबर, 2024 का पहला सप्ताह 4.5 फीसदी के नुकसान के साथ दो साल की सबसे बड़ी गिरावट का सप्ताह रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीद का भी रुख कर रहे हैं। इससे भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ने लगी है।अब यदि कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी तो दुनियाभर में कई वस्तुओं के दाम बढ़ने के साथ-साथ भारत में भी कीमतें बढ़ने का सिलसिला शुरू हो सकता है। चूंकि ईरान दुनिया के सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। इसका असर 80 फीसदी आयात करने वाले भारत पर विशेष रूप से पड़ेगा।

आशंका है कि ईरान और इस्राइल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जल डमरू मध्य पर। दुनिया को मिलने वाला करीब एक-तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित हो सकती है। इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ने लगेंगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध का अप्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग पर भी पड़ सकता है, क्योंकि भारत अभी भी ज्यादातर दवाओं के लिए कच्चे माल का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका होगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बढ़ने पर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई वृद्धि का दौर निर्मित होते हुए दिखाई दे सकता है। लेकिन भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं हो सकेगा। इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अधिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना हुआ है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 27 सितंबर को भारत के पास रिकॉर्ड स्तर पर 704 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे भारत किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है।फिर भी भारत को महंगाई पर सतर्क निगाहें रखनी होंगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक खुदरा महंगाई दर अगस्त महीने में मामूली बढ़कर 3.65 प्रतिशत रही। यह आरबीआई द्वारा निर्धारित लक्ष्य के दायरे में है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2024 में 3.6 प्रतिशत थी। अर्थव्यवस्था को मजूबती मिलते हुए दिखाई दी है।

अब सरकार को भी महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढ़ना होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा। वहीं जरूरी होने पर इन अन्य खाद्य वस्तुओं के बढ़े दामों को नियंत्रित करने के लिए भी इस कोष का इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके अलावा खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के लिए खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग के लिए ऋणों की राशि दोगुनी करके 50,000 करोड़ रुपये सुनिश्चित की गई है। जो वैश्विक चुनौती के मुकाबलों में सहायक होगी।

-साभार

# प्यार की राह में मजहब की दीवारें:लव जिहाद

■ राम पुनियानी

कुछ दिन पहले (1 अक्टूबर को) बरेली की एक अदालत ने यौन हिंसा के एक मामले में एक मुस्लिम युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. अपने फैसले में न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि यह लव जिहाद का मामला है और पुलिस इसे उस स्वरूप में प्रस्तुत करने में असफल रही है. इस मामले में लड़की हिंदू थी. मुकदमे की कार्यवाही के दौरान लड़की ने यह कहते हुए अपनी शिकायत वापस ले ली थी कि उसे हिंदुत्ववादी संगठनों के दबाव के चलते झूठी शिकायत दर्ज करवानी पड़ी थी. लेकिन न्यायाधीश महोदय ने इन तथ्यों को नजरअंदाज कर दिया. न्यायाधीश दिवाकर ने अपने फैसले में यह टिप्पणी की कि 'मुस्लिम पुरूष, हिंदू महिलाओं से शादी करने के उद्धेश्य से उन्हें निशाना बनाते हैं।' फैसले में आगे कहा गयाः कुल मिलाकर, मुस्लिम पुरुषों द्वारा गैर-मुस्लिम समुदायों की महिलाओं से प्यार का नाटक कर उनसे विवाह करना और उनका धर्मपरिवर्तन करवाना लव जिहाद है. एक धर्म विशेष के अराजकतावादी तत्व, लव जिहाद के माध्यम से गैर-कानूनी धर्मपरिवर्तन करवाते हैं. उनसे यह सब या तो कोई करवाता है या वे स्वयं यह साजिश रचते हैं...लव जिहाद के लिए बहुत धन की जरूरत होती है. इसलिए इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि इसके लिए विदेशी धन का इस्तेमाल किया जा रहा हो...÷. लव जिहाद के लिए विदेशी धन का इस्तेमाल एक नया शिगूफा है. बेहतर होता कि जज साहब यह भी बता देते कि इसके लिए धन किस देश से आ रहा है।

लव जिहाद से जुड़ा प्रोपेगेंडा, जिहाद सीरीज का पहला एपीसोड था. अब कई प्रकार के जिहादों की चर्चा आम हो चुकी है जिनमें लव जिहाद के अलावा यूपीएससी जिहाद, फ्लड जिहाद, कोरोना जिहाद आदि शामिल हैं. कुछ घोर साम्प्रदायिक एंकरों को जिहादों की सूची को लम्बा करने में महारत हासिल है. वे मुसलमानों को हर चीज़ से जोड़ने में सिद्धहस्त हैं - चाहे वो बाढ़ हो या कोई बीमारी. यह छोटे-छोटे मुद्दों को तिल से ताड़ बनाकर एक ऐसे धार्मिक समुदाय, जिसका धर्म 'विदेशी' बताया जाता है, का दानवीकरण करने का मामला है. इस समुदाय को 'पराया' और 'दुश्मन' बताया जाता है और खुलेआम भी और दबे-छिपे तरीकों से भी उस पर हमले किए जाते हैं. यह 'पराए' और 'दुश्मन' वाला नजरिया ही साम्प्रदायिक राजनीति और हिंदू राष्ट्रवादी राजनीति की जड़ में है, जिसका इस समय भारतीय समाज में बोलबाला है।

लव जिहाद संबंधी प्रोपेगेंडा बहुत पुराना नहीं है. कुछ दशक पहले केरल के कुछ ईसाई बिशपों ने यह मिथ्या आरोप पहली बार लगाया और जल्दी ही इसे हिन्दू राष्ट्रवादियों ने बड़े पैमाने पर फैलाना शुरू कर दिया. शाखाओं, उसके द्वारा संचालित स्कूलों, मीडिया और सोशल मीडिया के एक हिस्से और आईटी सेलों के कारण



आरएसएस की प्रोपेगेंडा फैलाने की क्षमता बहुत अधिक है. जांच के पश्चात यह गलत पाया गया कि कोई ऐसा संगठन है जो हिंदू लड़कियों को फंसाने के लिए मुस्लिम युवकों को धन उपलब्ध करवाता है।

लव जिहाद का उद्धेश्य क्या है, इसे लेकर कई प्रकार की बातें की जाती है. पहला उद्धेश्य बताया जाता है देश की जनसंख्या में विभिन्न धर्मों के अनुपात में बदलाव करना. अभी तक जो प्रोपगेंडा बड़े पैमाने पर किया जाता था वह था कि मुसलमानों की 'चार बीबियां और चालीस बच्चे' होते हैं और जल्दी ही उनकी आबादी हिंदुओं से अधिक हो जाएगी. अब लव जिहाद और उसके जरिए हिंदू लड़कियों का धर्मपरिवर्तन करना और बच्चे पैदा करना इसमें जुड़ गया है. इसमें अब यह बात भी जोड़ दी गई है कि इन लड़कियों को इस तरह का प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि उन्हें इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों की फौज में शामिल किया जा सके।

लव जिहाद के प्रोपेगेंडा का मुख्य पहलू है उसका पितृसत्तात्मक मूल्यों से जुड़ाव. पितृसत्तात्मकता और धर्म-आधारित राष्ट्रवाद का चोली-दामन का साथ है. देश में साम्प्रदायिक राजनीति के प्रबल होने के साथ-साथ महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं और साथ ही बलात्कार की घटनाएँ भी. तीस्ता सीतलवाड के अनुसार, ÷जिन समुदायों को हमलों का निशाना बनाया जाता है उनकी महिलाओं को उन समुदायों के 'सम्मान का प्रतीक' मानकर खासतौर पर घृणा और हिंसा का शिकार बनाया जाता है. हमने यह विभाजनकाल की हिंसा में 1946-47 में देखा, असम के नेल्ली में 1983 में देखा, दिल्ली में 1984 में देखा, बंबई में 1992-93 और गुजरात में 2002 में देखा. हाल में, 2023 में हमने यही मणिपुर में देखा. इसकी वजहें समाजशास्त्रीय, ऐतिहासिक और वैचारिक हैं. हमें यह हमेशा याद रखना चाहिए कि भाजपा पर उसकी विचारधारात्मक पितृ संस्थाओं आरएसएस और हिंदू महासभा का नियंत्रण है - जो अति दक्षिणपंथी संगठन हैं. वे धर्म का सैन्यीकरण करना चाहते हैं और महिलाओं और उनकी लैंगिकता पर नियंत्रण चाहते हैं।

यहां हिंदू राष्ट्रवाद के शीर्षस्थ विचारक विनायक दामोदर सावरकर द्वारा की गई शिवाजी की निंदा का जिक्र प्रासंगिक होगा. शिवाजी की सेना द्वारा लूटपाट के दौरान बंदी बनाई कल्याण के मुस्लिम गवर्नर की बहू को उनके सामने पेश किया गया और शिवाजी ने उसे ससम्मान वापिस भेजने का आदेश दिया. सावरकर ने शिवाजी द्वारा उसे इंतकाम का निशाना न बनाने और वापिस भेजने के निर्णय की आलोचना की।

'लव जिहाद' के बढ़ते शोर-शराबे के बीच इतिहासकार चारू गुप्ता का कहना है कि यह महिलाओं के जीवन पर नियंत्रण रखने का तंत्र है. ÷हिंदू दक्षिणपंथियों के इस झूठे दावे कि लव जिहाद फैलाने वाला संगठन हैं जो हिंदू महिलाओं को इस्लाम अपनाने के लिए बाध्य करने के उद्धेश्य से प्रेम का झूठा प्रपंच रचते हैं, सन् 1920 में तथाकथित अपहरणों को लेकर किए गए प्रचार जैसा ही है. 1920 हो या 2009, हिंदू पितृसत्तात्मक नजरिया इन अभियानों के साथ बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है. मुस्लिमों द्वारा सताई गई असहाय हिंदू महिलाओं की छवि बड़े पैमाने पर प्रस्तुत की जाती है और महिलाओं के अपनी मर्जी से फैसला करने के वैध अधिकार को नजरअंदाज किया जाता है.÷

इन बातों को ध्यान में रखते हुए ही बजरंग दल की रक्षा बंधन जैसे अवसरों पर दिखाई जाने वाली अतिसक्रियता को देखा जाना चाहिए जब वे हिंदुओं के घरों पर जाते हैं और अभिभावकों को अपनी बेटियों पर 'नजर रखने' की ताकीद देते हैं. इस प्रोपेगेंडा का असर हो रहा है और समाज के विभिन्न वर्गों पर इसका प्रभाव पड़ रहा है. मुस्लिम युवकों पर हमलों के कई मामले सामने आ रहे हैं. प्रियंका टोडी और रिजवान खान के प्रकरण का पटाक्षेप रिजवान खान की त्रासद मृत्यु के साथ हुआ. कई मामलों में इसका ठीक उलट भी होता है जैसे अंकित भंडारी की हत्या उस मुस्लिम लड़की के रिश्तेदारों द्वारा कर दी गई जिससे वह प्यार करता था।

हादिया के मामले, जिसमें अखिला अरूना ने धर्म परिवर्तन कर इस्लाम ग्रहण कर लिया था, से कई खुलासे होते हैं. उसने अपने मुस्लिम मित्रों से हुई चर्चाओं की वजह से इस्लाम अपनाया. इसके बाद उसने शफीक जहाँ से विवाह किया. अदालत ने उसे इस आधार पर उसके पिता को सौंपने का आदेश दिया कि उसका ब्रेन वॉश कर दिया गया है और उसे आईसिस में शामिल कर लिया जाएगा. उसने सर्वोच्च न्यायालय तक अपील की जिसने उसका बयान सुनने के बाद उसका पति के साथ रहने का अधिकार पुनःस्थापित किया।

केरल में कई योग केन्द्र खुल गए हैं जो मुसलमानों से विवाह का मन बना चुकी हिंदू लड़कियों को अपना निर्णय बदलने, दुबारा हिंदू धर्म अपनाने और मुस्लिम पुरूष के प्रति प्यार का परित्याग करने के लिए राजी करने का प्रयास करते हैं. कई लड़कियों ने इन केन्द्रों में जोरजबरदस्ती और ब्लेकमेलिंग किए जाने की शिकायत की है।

ऊपर जिस अदालती फैसले का जिक्र किया गया है, वह दिखाता है कि यह प्रोपेगेंडा समग्र रूप से हमारे समाज पर किस तरह का प्रभाव डाल रहा है. कम से कम न्यायाधीशों से तो यह अपेक्षा की ही जा सकती है कि उनके फैसले ठोस तथ्यों पर आधारित हों।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया. लेखक नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं) यह लेखक के विचार हैं।

### संभागायुक्त ने गूगल मीट में कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# प्राथमिकता से की जाए स्कूली और यात्री बसों की जांच : संभागायुक्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



नर्मदापुरम संभाग आयुक्त के जी तिवारी ने कहा कि संभाग के जिलों में डेंगू, मलेरिया और मौसमी बीमारियों से बचाव के हर संभव प्रयास किए जाएं। आयुष विभाग दवाइयो का वितरण करें, लार्वा विनिष्टीकरण का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। बताया गया कि बैतूल में 45, हरदा में 104 एवं नर्मदापुरम में 43 डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। संभाग आयुक्त ने सोमवार को गूगल मीट के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिले में भू अर्जन के सभी लंबित प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करे। गूगल मीट में बताया गया कि संभाग के तीनों जिलों में लगभग 26 हजार किसानों ने धान का पंजीयन कराया है।

संभागायुक्त ने किसानों को खेत में सिंचाई के लिए मिलने वाली बिजली की स्थिति की समीक्षा की। बताया गया कि बैतूल में 9 घंटे 27 मिनट, हरदा 9 घंटे 55 मिनट एवं नर्मदा पुरम में लगभग 9 घंटे 50 मिनट तक बिजली दी जा रही है। संभाग आयुक्त ने आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए और कहां की प्रकरणों के निराकरण में राजस्व अधिकारी विशेष ध्यान नहीं दे रहे हैं आवश्यकता है कि सभी राजस्व अधिकारी सभी लंबित राजस?व प्रकरणों का निराकरण करें।संभागायुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान में पुराने कंप्लीट कार्यों की समीक्षा करने के एवं अगले वर्ष लिए जाने वाले कार्य की कार्य योजना बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्षा काल में सड़क के गडडो को भरने के निर्देश दिए और कहां की सड़क मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। संभाग आयुक्त ने जल जीवन मिशन पर और ज्यादा कार्य करने के निर्देश दिए और कहां की जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बढ़ाने एवं घरों तक नल व पानी पहुंचाने का कार्य सिस्टमैटिक रूप से किया जाए। संभाग आयुक्त ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन में पात्र हितग्राहियों को लाभ मिले कोई भी पात्र हितग्राही ना छूटे। उन्होंने भवन संनिर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीयन, श्रमिक पंजीयन करने के निर्देश दिए एवं कहां की इसमें कोई भी प्रकरण लंबित ना रहे। संभागायुक्त ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए और कहां की परामर्शदात्री समिति की बैठक अनिवार्य रूप से की जाए। संभागायुक्त ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए की प्रधानमंत्री आवास में प्रतीक्षारत हितग्राहियों की सूची डिस्प्ले की जाए। ग्राम पंचायत के पटल पर सूची चस्पा की जाए।

संभाग आयुक्त ने राजस्व पट्टे की समीक्षा की। उन्होंने 18 अक्टूबर को कृषि उत्पादन आयुक्त की बैठक के संबंध में सभी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने निर्देश दिए की स्कूली और यात्री बसों के फिटनेस की जांच प्राथमिकता से की जाए, इसके साथ ही बसों को चलाने वाले ड्राइवर के फिटनेस की जांच भी की जाए, उनके लाइसेंस चेक किया जाए।

गूगल मीट के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर एवं नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी एवं हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह ऑनलाइन उपस्थित रहे।

# सर्व समाज जनसेवक संगठन में नर्मदापुरम के ललित सह सचिव नियुक्त



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

इंदौर में आयोजित सर्व समाज जनसेवक संगठन में संपूर्ण प्रदेश से उपस्थित हुए सदस्यों को दी गई जिम्मेदारी के तहत नर्मदापुरम सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के ललित यादव को संगठन में प्रदेश सह सचिव बनाया गया। इस अवसर पर अरुण दीक्षित डॉक्टर सुरेंद्रजीत सिंह अशोक दिबोलिया बद्री प्रसाद कोरव हेमंत शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल यादव द्वारा की गई घोषणा के तहत लोकसभा अध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष की भी नियुक्ति की जाना शेष है। सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के अनुरूप बनाए गए इस संगठन में नर्मदा पुरम की भागीदारी सुनिश्चित कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए संस्था के संरक्षक के एस राजपूत अरुण दीक्षित अशोक दी बोलियां फादर विलियम मसीह मोहम्मद अकरम खान के एन त्रिपाठी लखन रघुवंशी केके शर्मा संजीव शर्मा महेश शर्मा ओमप्रकाश मालवीय ओपी तिवारी मोहम्मद आदिल फ़ाज़ली रमेश गोप्लानी मोहम्मद असलम भारती रमेश सोनी रामेश्वर पटेल डॉ मयंक तोमर डॉ प्रदीप जैन किरण शर्मा जयबाला निगम सहित सभी सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद प्रेषित किया है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाअध्यक्ष नियुक्त हुए काका मौर्य

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

सिवनी मालवा के काका कोदर सिंह मौर्य को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का जिलाअध्यक्ष (नर्मदापुरम) के पर नियुक्त किए गए। आपकी सकारात्मक उर्जा का उपयोग क्षत्रिय महासभा को संगठित करने में एवं समाज उत्थान में निरन्तर सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।इसी विश्वास के साथ क्षत्रिय महासभा संगठन आपके स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता है। उनकी इस नियुक्ति पर सिवनी मालवा के विभिन्न संगठनों ने बधाई दी इसके पूर्व में काका कोदर सिंह मोर पटवारी संघ के पूर्व अध्यक्ष राजपूत महासभा के महामंत्री सहित विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। राजपूत परिषद सिवनी मालवा से विजय सिंह ठाकुर, राजपूत महासभा के संरक्षक के सचिव भूपेंद्र सिंह ठाकुर, महाराणा सेना के प्रदेश अध्यक्ष शंभू सिंह भाटी, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रघुवीर सिंह राजपूत, सचिन सिंह ठाकुर, अजीत सिंह राजपूत,युवराज सिंह ठाकुर, यशवंत सिंह ठाकुर, पटवारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ठाकुर, संतोष सिंह चंदेल (मीडिया प्रभारी) मनीष वर्मा, कुंवर सिंह ठाकुर, ईश्वर सिंह पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोलंकी, दिलीप सिंह ठाकुर, महाराणा सेवा से वीरेंद्र राजपूत, अमित सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह कौशिक, ईश्वर सिंह राजपूत, रघुवीर सिंह दादू भाई, महेंद्र सिंह दादू भाई, दशरथ सिंह भाटी, पिंटू भाटी, राजपूत समाज के प्रवक्ता अजय सिंह ठाकुर, सहित समाज के सभी वरिष्ठ जनों ने कोदर काका को जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।



# विवेक 40 लाख में पंजाब, जैद 2.90 लाख में यूपी रूद्राज़ व सुंदरम 2 लाख में हैद्राबाद तूफान के हुए



## इटारसी की इस बड़ी उपलब्धि पर हुई आतिशबाजी

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

इन दिनों इंडियन हॉकी लीग की चर्चा चरम पर है। इटारसी में इसकी खास चर्चा और अपने हीरो के विषय में मिल रही खबरों का बेसब्री से इंतजार रहता है। आज मो. जैद खान को यूपी रूद्राज़ ने 2.90 लाख में और सुंदरम राजावत को हैद्राबाद तूफान ने 2 लाख में खरीदा है, जबकि ओलंपियन विवेक सागर प्रसाद को पहले ही पंजाब की टीम सूरमा क्लब ले चुकी थी।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के कुल रजिस्टर्ड 6 खिलाड़ियों में से 3 इटारसी तहसील, जिला नर्मदापुरम के रहने वाले हैं। दो खिलाड़ी पंजाब और यूपी की टीम में जा चुके हैं और सुंदरम राजावत को हैद्राबाद तूफान ने 2 लाख में खरीदा है। इटारसी की इस बड़ी उपलब्धि को हॉकी खिलाडियों ने मेजर ध्यानचंद चौराह पर आतिशबाजी करके सेलिब्रेट किया है। डीएचए के मार्गदर्शक एससी लाल, अध्यक्ष प्रशांत जैन, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, सचिव कन्हैया गुरयानी, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंह सैनी सहित खिलाडियों ने तीनों को शुभकामनाएं दी हैं। सीमित संसाधनों में मिट्टी के मैदान से निकले ये सूरमा अब देश में शहर का नाम रोशन करने को बेताब हैं।

यहां आधुनिक हॉकी के लिए एस्ट्रोटर्फ की मांग विगत डेढ़ दशक से हो रही है, लेकिन यह इंतजार कहां और कब जाकर खत्म होगा, कोई नहीं जानता है। यहां का प्रतिष्ठित अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी टूर्नामेंट में हर वर्ष एक आस जगायी जाती है कि अगला टूर्नामेंट एस्ट्रोटर्फ पर होगा। लेकिन, वह अगला वर्ष कब आएगा?, कोई नहीं जानता। न खिलाड़ी और ना ही घोषणा करने वाले। जब चट मैदान पर इटारसी के खिलाड़ी ये कमाल कर रहे हैं तो विचार किया जाना चाहिए कि एस्ट्रोटर्फ होगा तो कया कमाल होगा। हो सकता है, पंजाब की तरह भारतीय हॉकी टीम में आधा दर्जन प्लेयर इटारसी के हों। शहर की हॉकी को उस दिन का इंतजार है।

# प्राचार्य एवं सरपंच की उपस्थिति में किया विद्यार्थियों को सम्मानित

**सिवनी मालवा।** इन दिनों कक्षा 10वी एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम सुधार के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा द्वारा विशेष कार्य योजना बनाई गई है संस्था द्वारा कक्षा दसवीं एवं वारहवीं में जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति अधिक है उन छात्र-छात्राओं को राकेश साहू संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरनखेड़ा एवं ग्राम पंचायत सोमलवाडा की सरपंच श्रीमती दुर्गाबाई परतें की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। इस दौरान संकुल प्राचार्य ने कहा गया कि बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधार के लिए संस्था में विद्यार्थियों की उपस्थिति आवश्यक है तथा संस्था द्वारा इस संबंध में अच्छे प्रयास किए जा रहे हैं सरपंच श्रीमती दुर्गाबाई परते ने कहा कि शत प्रतिशत उपस्थित छात्र-छात्राओं को 26 जनवरी 2025 को ग्राम पंचायत की ओर से सम्मानित किया जाएगा कक्षा दसवीं में सर्वाधिक उपस्थित पर दीपक पिता विपत एवं अमित पिता कचरू लाल कक्षा बारहवीं में कुमारी सुहानी पिता राजेंद्र तथा रवीना पिता दिलीप को उपहार स्वरूप डॉक्यूमेंट फाइल, ज्यामिति बॉक्स, पेन, कॉपी, शील्ड एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया इस अवसर पर संस्था के शिक्षक वीरेंद्र यादव, राजेश देवडिया, शिव शंकर चौधरी, नरेश सेन, योगेंद्र मालवीय, आशीष यादव, शिखा रघुवंशी, अर्पित मिश्रा आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का आभार संस्था के शिक्षक अखिलेश यादव ने व्यक्त किया।





# गौवंश व नागरिकों को दुर्घटना से बचाने की अनोखी पहल

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**





नगर के अंदर से भारी वाहनों पर प्रतिबंध होने के बाद भी भारी वाहन नगर से गुजर रहे हैं जिससे हादसो का शिकार हो रहे गौ वंश ओर गौ वंश के साथ आम नागरिक भी लगातार घायल हो रहे हैं। सड़क पर बैठी आवारा पशुओं से रात के समय चालकों को नहीं दिखती हैं। जिससे अक्सर दुर्घटना का शिकार हो रही हैं। इस तरह की दुर्घटना रोकने के लिए गायों के गले में रेडियम बेल्ट लगाने का कार्य युवा नेता राजा तिवारी द्वारा साथियों के साथ मिलकर किया जा रहा है। सिवनी मालवा के जयस्तंभ चौक, गांधी चौक, बानापुरा बस स्टैंड, सिवनी मालवा बस स्टैंड, बाईपास बानापुरा सहित विभिन्न जगहों पर गायों का डेरा बना रहता है जिसके कारण बड़े वाहन भी लगातार वहीं से निकलते हैं सिवनी मालवा बानापुरा मुख्य मार्ग पर रोड पर तो फिर भी लाइट रहती है तो गोवंश थोड़े बहुत दिख जाते हैं परंतु बाईपास पर तो लाइट भी नहीं है जिसके कारण गोवंश दिख नहीं पाते हैं जिससे गोवंश घायल हो रहे हैं। रेडियम बेल्ट बांधने के बाद गोवंश के लिए यह एक औषधि का काम करेगी क्योंकि रात के अंधेरे में जब बड़े वाहन का लाइट गोवंश पर पड़ेगा तो यह बेल्ट चमकेंगे जिससे वाहन चालक सतर्कता से खुद के बचाव के साथ गोवंश का भी बचाव कर पाएगा। सिवनी मालवा के सरकारी अस्पताल में चिकत्सक डॉक्टर ऋषि चौबे ने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन कोई ना कोई मरीज गोवंश के घायल होने के चलते इलाज करवाने आता है मरीज का यही कहना रहता है कि रात के अंधेरे में गोवंश के टकराने से हम गाड़ी से गिर गए जिसके कारण हमें चोट आई है।अगर रेडियम बेल्ट सभी गोवंश को बांध दिए जाएं तो वाहन चालक को गोवंश देखने में आसानी होगी और हादसों पर लगाम लगाया जा सकेगा युवाओं द्वारा की जा रही है पहल गोवंश के साथ-साथ आम नागरिकों को सुरक्षित रखने में बहुत कारगर सिद्ध होगी। राजा तिवारी ने बताया कि वो गौ वंश के लिए खुद ही अपने व्यय से बेल्ट की खरीदी कर रहे है बेल्ट को नागपुर के एक कंपनी द्वारा बुलवाया गया है जिसकी कीमत 1 बेल्ट की 38 रुपए है ऐसे शुरुवात में गौ वंश की सुरक्षा के लिए 500 बेल्ट बुलवाए गए है। अगर बेल्ट कम पड़ते है तो और बुलवाए जायेंगे। बेल्ट लगवाने में अक्षत सिंह राजपूत, गौरव यादव, शिवांग तिवारी, कन्हिया बाथव, अक्षय गुप्ता, आदित्य अग्रवाल, आशीष अग्रवाल सहित कई युवा सहयोग कर रहे है।

**मेट्रो एंकर**

### मुख्य सचिव ने की सभी कमिश्नर एवं कलेक्टर्स के कार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा

# सभी जिलों में कानून - व्यवस्था की स्थिति चाक चौबंद रहे : मुख्य सचिव

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**




प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी संभाग के कमिशनर, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए की आगामी पर्व एवं त्योहारों को देखते हुए जिले में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति चाक चौबंद रहे, जिले में कानून एवं व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था कायम रहे। कहीं से कोई अप्रिय घटना का समाचार ना मिले। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए की सभी कलेक्टर्स एवं कमिश्नर लगातार फील्ड का भ्रमण करें और फील्ड पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि प्रदेश के कुछ जिलों से डीएपी यूरिया के वितरण के दौरान अव्यवस्था की शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि डीएपी एवं अन्य एनपीके खाद वितरण के दौरान 4 से 5 अतिरिक्त काउंटर बनाए जाए। किसानों को व्यवस्थित रूप से खाद का वितरण किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि डीएपी खाद की जगह एनपीके के उपयोग का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए साथ ही खाद वितरण करने के लिए मार फेड एवं सहकारिता के साथ मिलकर कार्य योजना बनाई जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए की सभी कलेक्टर्स नगद खाद वितरण केंद्र पर किसानो की लाइन व्यवस्थित करवाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों के सत्यापन का वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से किया जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि उपज के जो सैंपल रिजेक?ट कर जाते हैं उस उपज का छोटा सा सैंपल अनिवार्य रूप से मंडी में रखा जाए और उस उपज का परीक्षण अनिवार्य रूप से चेक कराया जाए और यह मालूम किया जाए कि क्या उपज वाकई में रिजेक्ट करने के लायक थी। मुख्य सचिव ने कहा कि अधिक से अधिक किसानों का हम गुणवत्तापूर्ण उपज खरीदें इससे किसानों को भी और प्रशासन को भी कोई नुकसान नहीं होगा बल्कि आसानी होगी।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए की वर्तमान समय में कम्युनिकेशन एक महत्वपूर्ण अंग है, प्रशासन किसानों तक अपना मैसेज पहुंचाएं उनसे संवाद स्थापित करें। सिकमी और बटाईदार किसानो की भी समस्या अनिवार्य रूप से कलेक्टर देखें।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए की कमिश्नर एवं पुलिस महानिरीक्षक संभाग के जिलों में अनिवार्य रूप से भ्रमण करके व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें। मुख्य सचिव ने कहां की कृषि मध्य प्रदेश का प्रमुख उत्पादन है अतः कृषि उत्पादन को बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सप्ताह में एक दिन पटवारी मुख्यालय में अनिवार्य रूप से मिले। उन्होंने कहा कि नहरों से पानी जब छोड़ा जाता है तब यह सुनिश्चित किया जाए की पानी टेल एरिया तक अनिवार्य रूप से पहुंचे। उन्होंने जल जीवन मिशन स्कीम के तहत जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उनका भी फीडबैक लेने के निर्देश दिए और कहां की पूर्ण हो चुके कार्य भी देखें की नल जल योजना चालू है कि नहीं, पानी पहुंच रहा है कि नहीं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन डालने के लिए जो सड़क खोदी जाती है ऐसी सडकों के गड्ढे भी प्राथमिकता से भरे जाएं।

नर्मदापुरम संभागायुक्त के जी तिवारी ने बताया कि नर्मदा पुरम संभाग के तीनों जिलों में मूर्ति विसर्जन का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। सभी जिलों के कलेक्टर्स द्वारा पटाखों के लाइसेंस का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। कुछ लाइसेंस निरस्त भी किए गए हैं। फटाका विक्रय के लिए भी कार्रवाई की जा रही है और इसमें पर्याप्त सुरक्षा रखी जा रही है। जघन्य अपराधों से संबंधित बैठके भी नियमित रूप से कलेक्टर एवं एसपी के द्वारा की जा रही है। श्री तिवारी ने बताया कि जिले में डीएपी की रैक आने पर प्रशासन को अलर्ट रहना पड़ता है। जिले का किसान संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि रवि के सीजन में नहर से टेल एरिया तक पानी पहुंचे यह बहुत बड़ा चैलेंज है। प्रयास किया जा रहा है कि पानी टेल तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि नहरों की साफ सफाई एवं झाड़ झाड़ी हटाने का कार्य भी किया जाएगा। संभागायुक्त ने बताया कि राजस्व महाअभियान 2.0 के अंतर्गत नामांतरण, बटवारा के प्रकरण प्राथमिकता से हल किए गए हैं। तीनों जिलों में विद्युत की स्थिति ठीक है। किसानों को सिंचाई के लिए विद्युत दिया जा रहा है। ट्रांसफार्मर का कोई इशू नहीं है। धान का पंजीयन चल रहा है। धान नर्मदापुरम और बैतूल जिले में ही कुछ क्षेत्रों में लगाया जाता है। लैडबैंक के अंतर्गत उद्योगों के लिए जमीन चिन्हित की गई है।

पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली ने बताया कि बैतूल में अवैध गोवंश परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई की गई है। बैतूल में वन क्षेत्र में जंगल काटने की घटनाएं हो रही है, जिसे प्राथमिकता से रोकने का प्रयास वन विभाग के साथ मिलकर किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए की वन तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनप्रतिनिधियों से सभी कलेक्टर्स कमिश्नर एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों का समन्वय बेहतर रहे। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि चिन्हित अपराधों की रोकथाम की बैठक नियमित रूप से होती रहे।

# कांग्रेसियों ने विधायक के घर पहुंचकर, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दिया ज्ञापन



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

सोमवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विधायक के नाम उनके निजी निवास पर पहुंचकर उनके नाम संबोधित ज्ञापन घर पर विधायक के निवास पर दिया ज्ञापन लेने के लिए कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति नहीं आया फिर भी कांग्रेसियों ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी आव्हान पर संपूर्ण मध्य प्रदेश में बेटी बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। उसी के तहत विधानसभा में क्षेत्रीय विधायक एवं सांसदों को कांग्रेस पार्टी द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ज्ञापन देने का कार्य किया गया है।

इसी अभियान के चलते ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश यादव के नेतृत्व में सभी कांग्रेस नेताओ एकत्रित होकर विधायक निवास पर पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कांग्रेसियों के द्वारा प्रदेश में महिलाओं तथा बेटियों पर लगातार हो रहा है अत्याचार को लेकर ज्ञापन देते हुए कहा कि प्रदेश में महिलाओं एवं बेटियों की विशेष सुरक्षा उपलब्ध उपलब्ध कराने की मांग भी की है। साथ ही उनका कहना है अभी प्रदेश की सरकार महिलाओं और बेटियों सुरक्षा देने में पूरी तरह से असफल हो गई है वह कहीं भी सुरक्षित नहीं है फिर भी सरकार के जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं। हमारी बहन बेटियों को घरों से बाहर निकलने में अब तो डर भी लगने लगा है लगातार उनके साथ कई तरह की अप्रिय घटनाएं भी घटित हो रही है। इसके बाद भी सरकार उचित कदम नहीं उठा रही है महिलाओं के सम्मान में कांग्रेस के द्वारा अभियान प्रारंभ किया गया है। एक दिन पहले से ही कांग्रेसियों ने विधायक और संसद को ज्ञापन देने के लिए कार्यकर्ताओं को सूचित किया गया था इसके बाद ही विधायक कार्यालय पर ज्ञापन लेने के लिए कोई मौजूद नहीं था एक अपरिचित व्यक्ति को उनके निवास पर ज्ञापन दिया गया है क्योंकि कांग्रेसियों से ज्ञापन लेने के लिए विधायक का कोई प्रतिनिधि भी उसे दौरान मौजूद नहीं था। इस दौरान रजत गौण, नेता केसर खान, यदुवीर सिंह बघेल, विनोद सेन, इरशाद गौरी, अशोक त्यागी, अशोक यादव, इरशाद गोरी, वसीम खान, अतीक मंसूरी, कल्याण सिंह यादव, जय मंडल यादव आदि मौजूद थे।

### शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं में सुधार के लिए बीएमओ ने उठाया कड़ा कदम

# ओपीडी में समय पर नहीं पहुंचने वाले 6 डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटा

## समय पर नहीं पहुंचने वाले डॉक्टरों को बीएमओ ने लगाई फटकार

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।





शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय अपनी अव्यवस्थाओं को लेकर फिर एक बार सुर्खियों में आ गया। बीएमओ डॉ विकास बघेल ने अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर एक कड़ा रूख अपनाया। तो वही सोमवार को ओपीडी के समय लगभग आधा दर्जन डॉक्टर में समय पर नही पहुचें तो बीएमओ ने डॉक्टरों को फटकार लगाई। साथ ही सभी डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि काफी लंबे समय से बीएमओ को शिकायते मिल रही थी कि ओपीडी में डॉक्टर व अस्पताल के कर्मचारी अपनी डयूटी पर कभी भी समय पर नही आते है। इसको लेकर बीएमओ डॉ विकास बघेल ने कई बार डॉक्टरो व कर्मचारियो को चेतावनी भी दी गई। लेकिन उस चेतावनी का कोई असर नही होता देख बीएमओ ने सोमवार को 6 डॉक्टरो का एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की। तो वही वेतन कटने के आदेश जैसे ही डॉक्टरो व कर्मचारियो ने देखा तो डॉक्टरों में हडकंप मच गई।

बीएमओ ने किया विभिन्न वार्डो और विभागों का निरीक्षण - सोमवार को प्रातः काल बीएमओ डॉ विकास सिंह बघेल ने शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय के अनेक वाडो में पहुचकर मरीजो के हालचाल जाने। तो वही प्रसुति वार्ड में पहुचकर महिलाओं से चर्चा कर महिलाओं को होने वाली समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही एक्स-रे पैथोलोजी लैब मरीजों को मिलने वाली दवाईओं के काउंटर के अलावा अस्पताल के अन्य कार्यालयो का निरीक्षण कर डॉक्टरों व कर्मचारियो को दिशा निर्देश दिए। इन 6 डॉक्टरों का कटा एक दिन का ओपीडी के समय अस्पताल में समय पर उपस्थित नही होने पर 6 डॉक्टरो पर बीएमओ डॉ विकास सिंह बघेल ने एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की। तो वही डॉ विकास सिंह बघेल ने बताया कि जिन डॉक्टरो पर वेतन काटने की कार्यवाही की गई उनमें दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सलमान खान, डॉ शाहीन खान, डॉ महिमा औदिच्य, मेडिकल ऑफिसर विजय लक्ष्मी नागवंशी, शुजा बेग व शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेश अग्रवाल शामिल है। कार्रवाई न करने के लिए बीएमओ के आया फोन - शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में वर्षो से जमे डॉक्टर और कर्मचारियो को लेकर बीएमओ ने समय पर कार्य करने के लिए जहां कड़ा रुख अपनाया। तो वही ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है कि डॉक्टरों व कर्मचारियों पर कार्यवाही न करने के लिए बीएमओ डॉ विकास के पास नेता जी का फोन आ गया। ऐसी स्थिति में बीएमओ क्या शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं में सुधार कर पाएगें। इस मामले को लेकर जनचर्चा का विषय बना हुआ है। कार्रवाई के बाद क्या अब समय पर आएगें डॉक्टर - बीएमओ डॉ विकास सिंह बघेल द्वारा अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कडा कदम तो उठा लिया गया। लेकिन ऐसी स्थिति में दबाव आने के बाद अब यह देखना है कि अस्पताल की ओपीडी में समय पर डॉक्टर आएगें या नही। तो वही शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि अस्पताल में बीएमओ द्वारा की गई कार्यवाही का असर दिखेगा या फिर नेताजी के फोन के आदेश पर अमल किया जाएगा।

# सोयाबीन उपार्जन पंजीयन के 6 दिन शेष अब तक 12703 किसानों ने कराया पंजीयन

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा खरीफ उपार्जन वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन के लिये किसान पंजीयन 20 अक्टूबर 2024 तक किये जाएंगे। किसानों से अपील की गई है कि पंजीयन की निशुल्क व्यवस्था जैसे स्वयं के मोबाईल, एमपी किसान एप के माध्यम से, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रो पर एवं पूर्व वर्ष की भांति सहकारी समितियों द्वारा (सिकमी ध्बटाईदार ध्कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं विपणन सहकारी संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी) जिले में विदिशा ग्रामीण तहसील में 11 , विदिशा नगर 01, बासौदा 08, त्योंदा 05, ग्यारसपुर 04, गुलाबगंज 04, कुरवाई 10, पठारी 03, नटेरन 07, शमशाबाद 07 , सिरोंज 18, एवं लटेरी 08 इस प्रकार कुल 85 पंजीयन केन्द्रों के माध्यम से सोयाबीन फसल के पंजीयन किये जा रहे हैं। अब तक 12 हजार 703 कृषकों के द्वारा सोयाबीन फसल का पंजीयन कराया गया है।

अतरू कृषक भाईयों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में सोयाबीन फसल का पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य पर अपनी उपज का विक्रय करें। साथ ही किसान बंधु ध्यान दें कि सोयाबीन फसल का पंजीयन कराने से पहले आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाईल नंबर को लिंक अवश्य करा लें। अधिक जानकारी हेतु कंट्रोल रूम दूरभाष क्रमांक 07592-233153 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मूड़रा सौरई के पटवारी निलंबित

**सिरोंज।** विदिशा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी क्षितिज शर्मा ने शासकीय कर्तव्यों के पालन में लापरवाही बरतने तथा लोक सेवक होते हुए अशोभनीय एवं अशिष्टापूर्ण व्यवहार करने पर पटवारी हल्का नम्बर 40 मूडरा सौरई के पटवारी के राहुल बघेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया है। निलंबित पटवारी बघेल का मुख्यालय ग्रामीण तहसील कार्यालय में आफिस कानूनगो शाखा नियत किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# आवश्यकतानुसार चार अतिरिक्त 108 एंबुलेंस के लिए प्रस्ताव भेजा




सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा जिले में घायल मरीजों तथा गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं में निशुल्क परिवहन सेवा प्रदान करने के लिए सीएमएचओ डॉ. योगेश तिवारी द्वारा पत्राचार के माध्यम से जिले की आवश्यकता अनुसार चार अतिरिक्त 108 एंबुलेंस की प्राप्ति हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तिवारी द्वारा एम्बुलेंस संचालन कर्ता कम्पनी जय अम्बे इमरजेंसी सर्विसेस प्रायवेट लिमिटेट को पत्राचार कर चार अतिरिक 108 एवं जननी एम्बूलेंस की माँग गई है। ताकि जनहित में समय सीमा में हितग्राहियो को 108 एम्बूलेंस सेवा का लाभ मिल सके। साथ ही संचालन कर्ता कंपनी के जिला कॉर्डिनेटर को संचालन व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

**युवाओं ने दिखाया कौशल, नगद पुरस्कार से किया सम्मानित**

# स्व. अख्तर पहलवान की स्मृति में हुआ आर्क्स रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



रविवार शाम नगर के वार्ड क्रमांक 6 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास गोल्डन जिम द्वारा स्व. अख्तर उस्ताद पहलवान की स्मृति में जिला स्तरीय आर्म्स रेसलिंग (पंजा कुश्ती) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में सिरोंज, लटेरी, कुरवाई सहित आस पास ग्रामों के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया ।

प्रतियोगिता को लेकर प्रतिभागियों में काफी उत्साह दिखाई दिया और खूब जोर आजमाई हुई। प्रतियोगिता के आयोजक गोल्डन जिम के संचालक आजम खान ने बताया की प्रतियोगिता 50 से 60-60 से 70-80 से 100 एवं लेफ्ट हैंड ओपन चौलेंज किलोग्राम भार वर्ग की श्रेणी में आयोजित की गई थी । सौ किलो भार वर्ग में कासिम गौरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिन्हे पांच हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले उमेर खान को दो हजार हजार रुपए की राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। लेफ्ट हैंड ओपन चौलेंज प्रतियोगिता में भी कासिम गौरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं फहीम खान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में किया जागरूकरू गोल्डन जिम के संचालक आजम खान ने बताया की युवाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । उन्होंने कहा की युवा पीढ़ी एजर्साइज, व्यायाम, योगा, से दूर होकर नशे की और बड़ रही हे व्यायाम केवल वजन कम करने या शारीरिक स्वास्थ्य को अच्छा रखें के लिए व्यायाम बहुत जरूरी है, व्यायाम केवल वजन कम करने या मांसपेशियों के निर्माण के बारे में नहीं है, यह कई प्रकार के लाभ प्रदान करता है जो आपके समग्र स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं । नियमित शारीरिक गतिविधि आपकी शारीरिक बनावट और आपके स्वास्थ्य दोनों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है । इसी क्रम में युवाओं को व्यायाम के प्रति जागरूक किया गया ।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवा को ने, ग्रामीण क्षेत्रों में भी कदमताल करते हूए निकल पथ संचलन

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



सोमवार को दशहरे के उपलक्ष्य में देवपुर खंड के विभिन्न मंडलों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकाला गया जिसका जगह-जगह विभिन्न समाज जनों समाज सेवी संगठनों ने फूलों फूलों की बारिश करके स्वागत किया । स्वयंसेवक गणवेश में कदमताल करते हुए ग्रामीण क्षेत्र की गलियों से निकले पथ संचलन देव प्रखंड के मुगलसराय, पगरानी, नरखेड़ा जागीर एवं चितावर में संघ के स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए संघ के गीतों पर पथ संचलन निकाला जिसमें मुगलसराय में शिवराज भावसार जिला गौ सेवा संयोजक का बौद्धिक हुआ, नरखेड़ा जागीर में जिला कार्यवाह हरि नारायण अहिरवार का बौद्धिक, पगरानी में अरविंद सिंह दांगी, चितावर में राम कुमार नामदेव जिला बौद्धिक प्रमुख का उद्बोधन हुआ। सभी वक्तओ ने अपने बौद्धिक में कहां कि समाज परिवर्तन के लिए संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन (पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, एवं स्व का भाव) का आवाहन किया है हमको समाज में तथा अपने व्यवहार में पांच परिवर्तन लेकर कार्य करना होगा।

# समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु 713 किसानों ने कराया पंजीयन

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा खरीफ मौसम वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा फसलों के उपार्जन हेतु कृषकों के द्वारा पंजीयन अवधि की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर तक कुल 713 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। पंजीयन कार्य की तहसीलदार जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू ने बताया कि विदिशा जिले की विदिशा तहसील में धान के लिए कुल 240 कृषकों के द्वारा पंजीयन कराया गया है के अलावा गुलाबगंज तहसील में 115, बासौदा तहसील में 93, नटेरन तहसील में 56, तहसील विदिशा नगर में 51, कुरवाई में 45, शमशाबाद में 38, पठारी में 35, ग्यारसपुर में 21, त्यौंदा में 12 और सिरोंज में कुल 7 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है।

**मेट्रो एंकर**

### मंडी में 11000 से अधिक बोरों की आवक

# समर्थन मूल्य से नीचे बिक रहा है पीला सोना, जाम से आमजन परेशान



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

सोमवार को तीन दिनों की अवकाश के बाद कृषि उपज मंडी में कामकाज हुआ एक दिन पहले से ही बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज को विक्रय करने के लिए लेकर आ गए थे । क्योंकि इस समय किसानों को अगली फसल की बोनी की तैयारी करने के लिए खाद बीज से लेकर डीजे आदि की आवश्यकता हो रही है। इस दौरान त्यौहार के चलते तीन दिनों तक मंडी में कामकाज नहीं होने से किसान परेशान हो रहे थे ।जैसे ही मंडी खुले तो किसान अपने उपज की बिक्री करने के लिए फिर सुबह मंडी में लेकर पहुंचे 11400 से ज्यादा बोरो की आवक मंडी में दर्ज हुई ।

वहीं इस सीजन की सबसे बड़ी आवक अभी बताई जा रही है क्योंकि यहां की मंडी चोरी के लिए पूरे जिले में प्रसिद्ध हो चुकी है । इस वजह से बहुत कम संख्या में किसान मंडी में अनाज बेचने के लिए बड़ी हिम्मत करके तीन तीन चार चार लोग एक साथ आते हैं । सोमवार को इतनी बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल बेचने के लिए मंडी में लेकर आए सोयाबीन के दाम इस समय मंडी में समर्थन मूल्य से भी नीचे बिक रहे हैं भोजपुरी में किसानों को कम दामों पर अपनी फसल बेचनी पड़ रही है सरकार को भी जानकारी होती है की फसल कटाई के बाद किसानों को पैसा की आवश्यकता होती है वह इतने दिनों तक फसल नहीं रोक पाते हैं फिर भी समर्थन मूल्य पर तुलाई अभी तक प्रारंभ नहीं होने से किसान मायूस है। जबकि सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य का निर्धारण कर दिया गया फिर भी उससे नीचे के दाम किसानों को मंडी में मिल रहे हैं ।सोमवार कृषि उपज मंडी में 3000 से लेकर 4600 तक सोयाबीन के दाम व्यापारियों के द्वारा बोली लगाकर किसानों की फसल को खरीदने का काम किया गया वहीं किसानों का कहना है की पीले सोने की खेती उनके लिए अब घाटे का कारण बनती जा रही है एक तो उपज की पैदावार कम निकल रही है दूसरी ओर मंडी में भी इसके दाम हमें उचित नहीं मिलना है। सरकार के द्वारा अभी समर्थन मूल्य पर उपज खरीदने के लिए पंजीयन ही करवाया जा रहा है, कब खरीदारी प्रारंभ उसकी कोई जानकारी नहीं है खरीदारी में भी कौन कौन से मापदंड होंगे वहां तो खरीदारी के दौरान ही पता चलेगा। हमें इस समय हम लोगों को पैसों की आवश्यकता इस वजह से हम लोग कम दामों पर ही अपनी उपज बेच रहे हैं फसल रोकते हैं तो रवि फसल की बनी में पर चढ़ जाएंगे वैसे ही खाद बीज के लिए परेशानी हो रही है। कैलाश यादव, लखन रघुवंशी, कैलाश परिहार ने बताया कि अभी समर्थन मूल्य पर खरीदारी होती तो हम किसानों को फायदा होगा जब किसानों की फसल की ज्यादातर बिक्री हो जाएगी तब बड़े लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए जरूर समर्थन मूल्य पर खरीदारी होगी उसमें भी हम छोटे-मोटे किसानों की उपज बिग पाना मुश्किल हो जाएगा हमारे लिए कई तरह के नियम लागू किए जाएंगे हमें पैसों की बहुत ज्यादा आवश्यकता है अगली फसल बोने के लिए खाद बीज से लेकर डीजल खरीदना है, उसके लिए फसल हम रोक कर नहीं रख सकते हैं ।इस वजह से कम दाम मिलने पर भी हम अपनी उपज बेच रहे हैं।

### इनका कहना है

*यदि यातायात व्यवस्था मैं लापरवाही हो रही है तो जांच करके व्यवस्था को ठीक करेंगे।*

**हर्षल चौधरी, एसडीएम**

### जाम ने सभी को किया परेशान

कृषि उपज मंडी में डाक नीलामी के बाद जैसे ही किसानों की ट्रालियां धर्म कांटे में फसल तुलवाने और वापसी के लिए निकली तो मंडी बाईपास रोड से लेकर बस स्टैंड तक जाम के कारण वाहन चालकों को परेशान होना पड़ रहा था बड़ी मुश्किल से किसानों के वाहनों के साथ अन्य लोगों के वाहन भी निकल पा रहे थे ।इसकी जानकारी होने के बाद भी यातायात और पुलिस प्रशासन के द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए कार्य नहीं किया गया। बस शाम के समय बासौदा नाके के पास वाहन चेकिंग प्रारंभ करके दो पहिया वाहन चालकों को परेशान करने का काम जरूर किया गया यातायात व्यवस्था ठीक करने के लिए यातायात पुलिस के द्वारा नगर से लेकर मंडी बाईपास रोड पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस वजह से मंडी में आवक के बाद और भी ज्यादा हालत इस समय जाम के कारण खराब हो रहे हैं। व्यापारियों को भी परेशानी हो रही है जिम्मेदार अधिकारियों को ध्यान देकर उचित व्यवस्था करवानी चाहिए।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ 36 साल से घर में अजेय टीम इंडिया

# कल से बेंगलूरु में तीन मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला

**बेंगलूरु. एजेंसी**

हाल ही में बांग्लादेश का दो टेस्ट मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप करने वाली भारतीय टीम 16 अक्टूबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज खेलेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मद्देनजर दोनों टीमों के लिए यह सीरीज काफी महत्वपूर्ण है।

यदि रेकॉर्ड पर नजर डालें तो घरेलू मैदान पर भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले 36 साल से कोई टेस्ट मैच नहीं हारी है। भारतीय टीम ने घरेलू मैदान पर कीवी टीम से कभी कोई सीरीज भी नहीं गंवाई है। भारत ने घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड से 12 टेस्ट सीरीज खेली हैं। इसमें से 10 जीती और दो ड्रॉ खेली हैं। आखिरी बार न्यूजीलैंड की टीम भारत में टेस्ट सीरीज ड्रॉ कराने में 20 साल पहले सफल हुई थी। तब दो टेस्ट मैचों की सीरीज का कोई परिणाम नहीं निकला था। भारतीय टीम आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अभी शीर्ष पर है और यदि वो न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज जीतने में सफल रहती है तो उसकी स्थिति और मजबूत हो जाएगी। इस सीरीज के बाद भारतीय टीम को पांच टेस्ट खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है, जहां उसे मेजबान कंगारू टीम से कड़ी चुनौती मिल सकती है। ऐसे में भारतीय टीम घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने का मौका गंवाना नहीं चाहेगी। वहीं, कीवी टीम टेस्ट चैंपियनशिप में अभी छठे स्थान पर है।

### गंभीर बोले, हम टेस्ट में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करेंगे

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि भारतीय टीम टेस्ट क्रिकेट में भी तेज बल्लेबाजी करेगी। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि खिलाड़ी आक्रामक हों और जब वे मैदान पर उतरें तो स्वाभाविक खेल खेलें। हमें बल्लेबाजों को रोककर रखने की क्या जरूरत है? यदि वे अपने स्वाभाविक खेल के जरिए एक दिन में 400 या 500 रन बना सकते हैं तो ऐसा करने में कोई हर्ज नहीं है। टीम प्रबंधन खिलाड़ियों को जोखिम उठाने की पूरी इजाजत देता है। गंभीर ने कहा कि भले ही कीवी टीम 1988 के बाद भारत में कोई टेस्ट मैच नहीं जीती है लेकिम हम उन्हें हल्के में नहीं लेंगे। उन्होंने कहा, कीवी टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं जो अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। न्यूजीलैंड एक अलग तरह की और पेशेवर टीम है। हम किसी भी मैच को हल्के में नहीं लेंगे।



### सिनर साल 2024 का समापन नंबर-1 खिलाड़ी के तौर पर करेंगे

# जोकोविच पर जीत की हैट्रिक के साथ नंबर-1 सिनर बने चैंपियन

**शंघाई (चीन). एजेंसी**

इटली के 23 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने रविवार को यहां शंघाई मास्टर्स में पुरुष एकल खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल में चार बार के पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी। वह पहली बार यहां चैंपियन बने। खास बात यह है कि इस जीत के साथ ही सिनर ने साल 2024 सीजन का अंत पुरुष एकल विश्व रैंकिंग में नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर किया।




### 100वां खिताब जीतने का इंतजार बढ़ा

जोकोविच का शंघाई में 2019 के बाद फिर चैंपियन बनने और करियर का सौवां एकल खिताब जीतने का सपना टूट गया। टेनिस इतिहास में सिर्फ अमरीका के जिम्मी कॉनर्स (109) और स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर (103) ही 100 से ज्यादा पुरुष एकल खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल कर सके हैं।

### सबालेंका तीसरी बार चैंपियन

टॉप सीड बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने लगातार तीसरी बार वुहान ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया। सबालेंका ने फाइनल में चीन की क्विनवेन झेंग को में 6-3, 5-7, 6-3 से शिकस्त दी।



### नोवाक पर साल दूसरी जीत दर्ज की

जेनिक सिनर ने जोकोविच को लगातार तीसरे मैच में और इस साल दूसरे मैच में शिकस्त दी। दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक कुल आठ मैच खेले गए हैं और इसमें से दोनों ने चार-चार जीते हैं। नोवाक ने आखिरी बार सिनर को 2023 एटीपी फाइनल में हराया था।





# वित्तीय लेन-देन: 60 हजार करोड़ से घटकर 13930 करोड़ हुई रकम

## मेट्रो बाजार

**नईदिल्ली. एजेंसी**

आरबीआइ के निर्देशों के बाद से बैंकों और एनबीएफसी कंपनियों में वित्तीय धोखाधड़ी पर धीरे-धीरे लगाम कस रही है। हालांकि वित्त वर्ष 2022 के मुकाबले 2024 वित्तीय धोखाधड़ी के मामले जरूर बढ़े हैं, लेकिन इनमें लोगों द्वारा गंवाई रकम में रेकॉर्ड गिरावट आई है। आरबीआइ की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में सामने आए कुल 9103 मामलों में लोगों ने 60 हजार करोड़ से ज्यादा की रकम गंवाई थी।



वहीं 2024 में कुल 35 हजार मामले सामने आए, लेकिन लोगों ने केवल 13930 करोड़ रुपए गंवाए और इसमें 46.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इस पर आरबीआइ का कहना है कि बैंकों और एनबीएफसी में बढ़ते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (एमएल) तकनीक के उपयोग से लोग बड़ी रकम गंवाने से बच रहे हैं, हालांकि जैसे-जैसे यूपीआइ और नेट-बैंकिंग का उपयोग मामलों में जरूर बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि ऑटोमेशन के जरिए दैनिक कार्यों को आसानी से बिना इंसानी गलती के किया जा सकता है। रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आपीए) आसानी से हाई-वॉल्यूम काम और लेनदेन का प्रोसेस इंसानों के मुकाबले अधिक कुशलता के साथ संभाल सकता है। बैंकों और एनबीएफसी के लिए ग्रोथ काफी जरूरी है, लेकिन ये कभी भी बहुत बड़े जोखिम की कीमत पर नहीं आनी चाहिए। लंबी अवधि में सफलता के लिए जोखिम को कम रखना काफी जरूरी है, जिससे एक अच्छा वित्तीय सिस्टम हम बना पाएं।

# शर्तों के उल्लंघन से बचें: आवास-योजना की सब्सिडी वापस भी ले सकती है सरकार

**नई दिल्ली. एजेंसी**

प्रधानमंत्री आवास योजना का दूसरा चरण हाल ही में शुरू किया गया है। इसमें पात्र व्यक्तियों को क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम के माध्यम से होम लोन पर रियायत मिलती है, लेकिन कई लोगों को ये पता नहीं है कि स्कीम की कुछ शर्तों के उल्लंघन पर सरकार सब्सिडी वापस ले सकती है। योजना के तहत परिवार के प्रत्येक सदस्य को केवल एक ही सब्सिडी दी जाती है। इसमें पति, पत्नी और अविवाहित बच्चे शामिल हैं। जब सब्सिडी समाप्त हो जाती है, तो लोन लेने वाले को मूल ब्याज दर पर लौटना पड़ता है, जिससे ईएमआई में बढ़ोतरी होती है।



### सब्सिडी कब वापस हो सकती है?

**पहली स्थिति:** अगर कर्ज लेने वाला बैंक को लोन की किस्तें देने में चूक करता है और लोन एनपीए बन जाता है।

**दूसरी स्थिति:** कुछ कारणों से मकान का निर्माण रुक गया हो। ऐसे में सब्सिडी की रकम सरकार को लौटानी होगी।

**तीसरी स्थिति:** मकान के इस्तेमाल का प्रमाण पत्र जमा नहीं करने पर सरकार सब्सिडी वापस ले सकती है।

### 8 फ्रेंचाइजी की नजरें स्टार खिलाड़ियों पर, हरमनप्रीत पर 78 लाख का दांव

# 28 दिसंबर से शुरू होगा हॉकी इंडिया लीग

**नई दिल्ली . एजेंसी**

इस साल 28 दिसंबर से शुरू होने वाली हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) के आगामी संस्करण के लिए खिलाड़ियों की नीलामी की शुरुआत रविवार से हो गई। दो दिवसीय नीलामी के पहले दिन टूर्नामेंट की सभी आठ फ्रेंचाइजियों ने स्टार खिलाड़ियों पर दांव लगाया। खासतौर पर पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह पर सबसे बड़ा दांव 78 लाख रुपए का लगा। हरमनप्रीत को सूरमा हॉकी क्लब ने अपनी टीम में शामिल किया, जो इस टीम के संभावित कप्तान भी होंगे।

**इन भारतीय खिलाड़ियों पर जमकर बरसा पैसा:** हरमनप्रीत सूरमा 78 लाख, अभिषेक बंगाल टाइगर्स 72 लाख, हार्दिक सिंह यूपी रुद्रांस 70 लाख, जुगराज सिंह बंगाल टाइगर्स 48 लाख, सुमित हैदराबाद तूफान्स 46 लाख, शमशेर सिंह दिल्ली पाइपर्स 42 लाख, जरमनप्रीत सिंह दिल्ली पाइपर्स 38 लाख, कृष्ण पाठक कलिंगा लांसर्स 32 लाख



# सख्ती: बाबर आजम, शाहीन व नसीम को टेस्ट टीम से किया गया बाहर

### इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे

**मुल्तान. एजेंसी**

पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ मिली शिकस्त के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के लिए बल्लेबाज बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी व नसीम शाह को बाहर कर दिया है। पीसीबी ने कहा, मौजूदा फॉर्म और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए बाबर, शाहीन और नसीम को बाहर किया गया है। वहीं, नई चयन समीति में नियुक्त किए गए आकिब जावेद ने कहा कि यह ब्रेक इन खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस, आत्मविश्वास और मानसिक स्थिरता वापस पाने में मदद करेगा।

**तीन नए चेहरे शामिल:** पीसीबी ने टीम में तीन नए चेहरे कमरान गुलाम, हसीबुल्लाह और स्पिनर मेहरान मुमताज को शामिल किया गया है।

# पुर्तगाल ने लगाई जीत की हैट्रिक, कप्तान रोनाल्डो चमके

**वारसॉ. एजेंसी**

कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए यहां खेले गए नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में डेनमार्क को 3-1 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में यह पुर्तगाल की लगातार तीसरी जीत है और वह ग्रुप-1 में शीर्ष पर है। पुर्तगाल के लिए इस मैच में कप्तान रोनाल्डो ने 37वें मिनट में गोल दागा। इस टूर्नामेंट में रोनाल्डो का तीन मैचों में यह कुल तीसरा गोल है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनके गोल की संख्या 906 हो गई है। इसमें 133 गोल उन्होंने पुर्तगाल के लिए किए हैं। पुर्तगाल के लिए हालांकि पहला गोले 26वें मिनट में बर्नाडो सिल्वा ने दागा।




दरियादिली... डेनमार्क के खिलाफ मैच के दौरान एक युवा प्रशंसक रोनाल्डो से मिलने के लिए मैदान के अंदर घुस गया। सुरक्षाकर्मी जब उस प्रशंसक को पकड़ने के लिए आए तो रोनाल्डो ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने इसके बाद उस युवा प्रशंसक के साथ सेल्फी ली और उसके बाद सुरक्षाकर्मी उसे लेकर मैदान से बाहर ले आए।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना




# बेटी आराध्या को लेकर ऐश्वर्या राय बोलीं- *वो मेरी दुनिया हैं...*

अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन अक्सर अपनी बेटी आराध्या के साथ नजर आती हैं। ऐश्वर्या अपनी बेटी पर जान छिड़कती हैं। ऐश्वर्या को अक्सर उनकी बेटी आराध्या बच्चन के साथ स्पॉट किया जाता है। ऐश्वर्या अपनी बेटी के बेहद करीब हैं। ऐश्वर्या इन सभी जगहों पर लगभग हमेशा अपनी बेटी के साथ दिखाई पड़ती हैं। दोनों एक साथ एक दूसरे का हाथ पकड़े चलती नजर आती हैं। बेटी आराध्या को लेकर ऐश्वर्या ने कहा कि वह अपनी बेटी को लेकर काफी ज्यादा सोचती हैं। ऐश्वर्या ने कहा, आराध्या ही मेरे लिए सब कुछ हैं। वो ठीक हैं, तो मैं ठीक हूं। ये दुनिया खुशियों से भरी है। वह मेरी दुनिया है और मैं इससे काफी खुश रहती हूं। खुश होते हुए ऐश्वर्या ने कहा, आराध्या, आराध्या, आराध्या। हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन और आराध्या दुबई के अवॉर्ड शो में नजर आई थीं। ऐश्वर्या राय बच्चन ने इस अवॉर्ड शो में मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेलवन में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। अवॉर्ड फंक्शन के दौरान भी आराध्या काफी चर्चा में रही थीं। उन्होंने शिव राज कुमार के पैर छूकर आशीर्वाद लिया था, ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद प्रशंसकों ने आराध्या के संस्कारों और परवरिश की तारीफ की। एक बातचीत के दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान ऐश्वर्या से जब कहा गया कि वह सबसे अच्छी बातें सीख रही हैं, क्योंकि वो हमेशा आपके साथ रहती हैं। ऐश्वर्या ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, वो मेरी बेटी है, मेरे साथ ही रहेगी।

# 'गजनी 2' का एलान करेंगे आमिर खान! सुपरहीरो फिल्म में भी करेंगे



भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित अभिनेताओं में से एक आमिर खान बॉक्स ऑफिस पर लगातार हिट फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं। फिलहाल अभिनेता 2025 में रिलीज होने वाली अपनी आगामी फिल्म सितारे जमीन पर की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा वह अपनी भविष्य की परियोजनाओं को मजबूत करने के लिए कई फिल्म निर्माताओं के साथ भी बातचीत कर रहे हैं।

इन चर्चाओं के बीच उनकी सबसे सफल फिल्मों में से एक 'गजनी' की सीक्वल 'गजनी 2' को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट जानकर मिस्टर परफेक्शनिस्ट के प्रशंसकों का खुश होना लाजमी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर खान फिलहाल निर्माता अल्लू अरविंद के साथ 'गजनी' को फ्रेंचाइजी में बदलने के बारे में चर्चा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, उन्होंने अल्लू अरविंद, मधु मंटेना और पूरी टीम को गजनी 2 के लिए एक योग्य विषय के साथ आने के लिए कहा है। अगर यह तय हो जाता है तो वह भारतीय सिनेमा की पहली 100 करोड़ रुपये की फिल्म की सीक्वल बनाकर इतिहास रच सकते हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, टीम सक्रिय रूप से विचारों पर मंथन कर रही है और आमिर पहले ड्राफ्ट का इंतजार कर रहे हैं। आमिर खान वर्तमान में अपनी अगली फिल्म सितारे जमीन पर में व्यस्त हैं और 2025 में अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर सकते हैं। कथित तौर पर सुपरस्टार एक सुपरहीरो फिल्म के लिए निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जिस विचार ने उन दोनों को उत्साहित किया है वह एक सुपरहीरो फिल्म है और लोकेश अब अपने लेखकों की टीम के साथ इसे विकसित करना चाह रहे हैं। खबरें हैं कि अगर आमिर खान स्क्रिप्ट को मंजूरी दे देते हैं, तो सुपरहीरो फिल्म का निर्माण 2026 में शुरू हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, यह विचार फिलहाल विकास के चरण में है और लोकेश को भी आमिर के साथ चीजों को अगले स्तर पर ले जाने का दायित्व सौंपा गया है।

# 'परम सुंदरी' में नजर आएगी सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की जोड़ी

मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन ने कथित तौर पर एक फिल्म के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर को अपने साथ जोड़ा है। उनका इरादा फिल्म निर्माता तुषार जलोटा को फिल्म के निर्देशक के रूप में लेकर एक गंभीर थ्रिलर बनाने का था। नवीनतम विकास यह है कि विजान ने स्पष्ट रूप से नए बदलाव किए हैं और एक नई फिल्म की स्थापना की है। उसी निर्देशक और स्टारकास्ट के साथ एक नई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बनाई जाएगी। सिद्धार्थ और जान्हवी की फिल्म का अस्थायी नाम 'परम सुंदरी' रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तुषार जलोटा मैडॉक फिल्म्स के तहत सिद्धार्थ और जान्हवी की फिल्म का निर्देशन करेंगे। विजान द्वारा एक नई फिल्म के साथ आगे बढ़ने का मुख्य कारण यह था कि उन्हें और सिद्धार्थ को एहसास हुआ कि स्क्रिप्ट में बॉक्स ऑफिस पर सीमित संभावनाएं थीं।



*जानकारी के अनुसार तुषार के साथ अन्य कहानी के विचारों की खोज शुरू कर दी। कई योजनाओं पर विचार करने के बाद, उन्होंने एक रोमांटिक कॉमेडी पर विचार किया, जो जान्हवी को भी पसंद आई और वे तुरंत इसमें शामिल हो गईं। यह एक नई स्क्रिप्ट के साथ वही टीम है। हालांकि, इन रिपोर्ट्स की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। 'परम सुंदरी' के बारे में अभी तक ज्यादा जानकारी नहीं है। हालांकि, फिल्म पारिवारिक-केंद्रित रोमांटिक-कॉमेडी के दायरे में आ सकती है। इसमें सिद्धार्थ और जान्हवी शानदार केमिस्ट्री दिखाएंगे। जबकि फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन में है, यह नवंबर या दिसंबर में फ्लोर पर जाएगी।*

# नक्सलवाद के खात्मे के लिए डीजीपी दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे बालाघाट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नक्सलवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेन्स नीति के तहत नक्सल समस्या को समूल नष्ट करने लिए समय समय पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में नक्सल विरोधी अभियान को गति देने के लिए पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश सुधीर कुमार सक्सेना ने जिले का दो दिवसीय भ्रमण किया।

12 अक्टूबर की रात को डी.जी.पी भोपाल से गोंदिया पहुंचे जहां से लगभग डेढ़ घंटे चलकर मुरकुटडोह ज्वाइंट टॉस्क फोर्स कैम्प का भ्रमण किया। ऑपरेशनल कारणों से इस दौरे को पूर्णतः गोपनीय रखा गया था। मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ के ट्रायजंक्शन सीमा क्षेत्र में स्थापित मुरकुटडोह सुरक्षा कैम्प महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में है। इस कैंप में महाराष्ट्र पुलिस की C-60 फोर्स, छत्तीसगढ़ की DRG फोर्स एवं





मध्यप्रदेश की हॉक फोर्स तैनात है। इस कैंप का निर्माण अबूझमाड से आने वाले नक्सलियों को रोकने के लिए किया गया है। भ्रमण के दौरान उन्होंने समन्वय एवं संयुक्त अभियानों की समीक्षा की तथा उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया। सभी जवानों से सामूहिक तथा व्यक्तिगत चर्चा कर उनके द्वारा किये जा रहे नक्सल विरोधी अभियानों तथा समस्याओ के बारे में विस्तृत चर्चा की।

## निशातपुरा आउटर बना बदमाशों का अड्डा

# खड़ी ट्रेन में घुसकर महिला का पर्स झपटा, चलती ट्रेन से कूदकर भागा लुटेरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और लूट की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। रेलवे स्टेशन परिसर में मोबाइल चोरी की घटनाएं तो आम हो गई है। इधर, जीआरपी के पास पर्याप्त स्टाफ नहीं है। लिहाजा वह जीआरपी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का दावा फेल होता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार भोपाल में रहने वाली नीतू द्विवेदी ने शिकायत करते हुए बताया कि गत 6 अक्टूबर को वह परिवार के साथ उज्जैन से भोपाल का सफर, ट्रेन नंबर 12913 इंदौर नागरपुर एक्स से कर रही थी। उनका और परिवार का कोच एस 5 मे बर्थ 26, 28 और 64 पर बर्थ था।

रेलवे स्टेशन निशातपुरा में ट्रेन धीमी गति से चल रही थी। नीतू ने अपना लेडिज पर्स बर्थ न. 26 पर सिरहाने रखा था, तभी एक बदमाश उनका पर्स उठाकर चलती ट्रेन से कूद गया। नीतू ने शोर मचाया तो यात्री जाग गए और चेन पुलिंग की गई। तब तक आरोपी वहां से पर्स लेकर भाग चुका था। लेडिज पर्स में 15 हजार रुपए की नगदी, एक सोने की पुरानी चेन करीब बीस हजार रुपए की थी। इसके अलावा एक सोने अंगूठी करीब बीस हजार रुपए की थी। इसके अलावा मोबाइल और स्मार्ट वाच भी थी। बदमाश पर्स समेत कुल 75 हजार रुपए का सामान लेकर गया है।

### मोबाइल लूटकर भागा बदमाश

जीआरपी ने बताया कि राजकुमार यादव, निवासी ग्राम दिगबाड, जिला सीहोर ने शिकायत करते हुए बताया कि 12 अक्टूबर को वह नर्मदापुरम से भोपाल आने के लिए ट्रेन श्रीधाम एक्स के पीछे के जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन भोपाल आने के 5 मिनिट पहले में गेट पर खड़ा हो गया। ट्रेन धीरे-धीरे चल रही थी। मोबाइल राजकुमार की लोवर के दाहिनी जेब में था। तभी टायलेट की तरफ से एक बदमाश आया और उनकी लोवर कि जेब में रखा मोबाइल दूसरे गेट से चलती ट्रेन से भाग निकला। लूटे गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपए है।





**त्रिशताब्दी एक्सप्रेस में महिला का पर्स चोरी:** इंदौर निवासी रविन्द्र राजपाल ने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि एस-5 में बर्थ नंबर 15 पर वे इंदौर से नागपुर की यात्रा कर रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी दूसरी सीट पर सो गई। जब ट्रेन से शोर की आवाज आई और उनकी नींद खुल गई। उन्होंने सीट पर रखा लेडीज पर्स देखा नहीं था गाड़ी निशातपुरा में खड़ी थी। एक अज्ञात व्यक्ति करीब 25 से 30 साल के आसपास का था वह लेडीज पर्स चुराकर ले गया। पर्स में 25 हजार रुपए का मोबाइल था।

### श्रीधाम एक्सप्रेस में इसी तरह की वारदात

एक दिन बाद श्रीधाम एक्सप्रेस में भी एक महिला के साथ इसी तरह की वारदात हुई। पुलिस ने बताया कि भोपाल निवासी राजीव सोनवने गत 06 अक्टूबर को ट्रेन नं. 12192 श्रीधाम एक्स के कोच एस/9 बर्थ में बर्थ क्रमांक 1 से 6 पर परिवार के साथ आगरा से रानी कमलापति की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उनकी मां कमल सोनवने बर्थ नं. 1 पर अपना लेडीज पर्स सिरहाने रख कर सो रही थी। 7 अक्टूबर को 5 बजे बजे के आसपास भोपाल रेलवे स्टेशन आने से पांच मिनट पहले उनका ध्यान अपने पर्स पर गया तो पर्स नहीं था। पर्स में रेडमी नोट 6 प्रो कंपनी का 13 हजार रुपए का मोबाइल, एक छोटा मोबाइल, नगदी दो हजार रुपए एक जोड़ चांदी की पायल लगभग दो हजार रुपए की नहीं थी।

# बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर दी जान

### सुसाइड नोट में नौकरानी को दिया मां का दर्जा, कहा अपनी मर्जी से कर रही आत्महत्या



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरागड थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र नगर में बीमारी से परेशान एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी है। इसके अलावा उन्होंने अपनी नौकरानी ममता दीदी को मां का दर्जा देते हुए भाइयों को उसका हमेशा साथ देने की बात लिखी है।

पुलिस के अनुसार आशा वासवानी पति घनश्याम वासवानी (50) मछ्ली मार्केट से अंदर की तरफ राजेंद्र नगर में रहती थी। उनके पति प्राइवेट काम करते हैं। ममता और घनश्याम का अलग अलग मकान है। ममता राजेंद्र नगर वाले मकान में अकेली थी। उन्हें कैंसर था और उनकी सर्जरी हो गई थी। कैंसर की बीमारी से उन्हें छुटकारा मिल गया, लेकिन दूसरी बीमारियों ने उन्हें घेर लिया था। उनके भाई ने बताया कि जीजा बहन की मदद करते थे और घर में नौकरानी ममता दीदी को रखा था।

### सुबह ममता को दी छुट्टी

आशा के भाई ने पुलिस को बताया कि आशा सुबह आठ बजे से दस बजे तक दवाई खाने के बाद आराम करती थी। इस दौरान उनके साथ घर में ममता दीदी भी रहती थी, लेकिन आशा ने ममता को सोमवार को छुट्टी दे दी थी। आशा ने कहा था कि ससुराल से रिश्तेदार आने वाले हैं। सुबह करीब सवा दस बजे के आसपास आशा का भाई घर पहुंचा तो मकान के गेट पर अंदर से सेंट्रल लॉक लगा था। आवाज देने के बाद भी लॉक नहीं खुला तो भाई ने पड़ोस के मकान की छत से देखा। इस दौरान बहन आशा का शव उसने फांसी के फंदे पर लटका देखा।

# मनचले से परेशान होकर कुएं में कूदकर नाबालिग ने दी थी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

परवलिया थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में 17 साल की नाबालिग ने कुएं में कूदकर जान दे दी थी। पुलिस ने मर्ग जांच की तो पता चला कि गांव में रहने वाला एक मनचला उसे परेशान कर रहा था। मनचले की प्रताड़ना से परेशान होकर उसने मई के महीने में कुएं में कूदकर आत्महत्या की थी। लिहाजा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 17 साल की नाबालिग दसवीं कक्षा तक पड़ी थी। उसने पढ़ाई छोड दी थी। मई के महीने में उसने गांव के कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की।



### मामला दर्ज

पुलिस ने परिजन और ग्रामीणों से पूछताछ की। इसके अलावा नाबालिग के मोबाइल की सीडीआर निकलवाई। मोबाइल में गौतम मेवाड़ा के मोबाइल से कॉल आने और बातचीत होने की पुष्टि हो गई। इसके अलावा परिजन और ग्रामीणों ने बताया कि पीड़िता को गांव में रहने वाला गौतम मेवाड़ा परेशान कर रहा था।

## शराब के लिए एक हजार रुपए की अड़ीबाजी, मारपीट

**भोपाल।** टीलाजमालपुरा में शराब के लिए एक हजार रुपए की अड़ीबाजी कर रहे बदमाश ने युवक के साथ मारपीट करते हुए उसे पत्थर पर पटक दिया। पत्थर पर गिरने के कारण उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अड़ीबाजी और मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार मुकुल नायक पिता विनोद नायक (21) गली नंबर-दो, साहू मोहल्ला, टीला जमालपुरा में रहता है और एमपी नगर में मोबाइल शॉप पर काम करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार-सामेवार की दरमियानी रात करीब साढे 12 बजे वह भंडारा में खाना खाने शिवालय मंदिर के पास पहुंचा।

# बाइक डिवाइडर में थी घुसी, बच्चों की मौत

### जांच के बाद शराबी पिता पर मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रातीबड थाना क्षेत्र स्थित छोटी झागरिया में पांच दिन पहले 9 अक्टूबर को एक ही बाइक पर तीन बच्चों के साथ अपने साले और परिचित को बिठाकर ले जाने वाले शराबी पिता पर पुलिस ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाकर एक्सीडेंट करने की एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने दो मासूम बच्चों की मौत के बाद मर्ग जांच में यह कार्रवाई पिता के खिलाफ की। उल्लेखनीय है कि मूलतः सिवनी निवासी सुनील मरावी (45) सिकंदराबाद स्थित शर्मा क्रेशर पर परिवार के साथ रहता है। बुधवार 9 अक्टूबर की सुबह करीब साढे 10 बजे वह अपनी बेटी वैशाली (11) बेटे रोहित (9) और रोहन (5) के साथ सलकनपुर जाने के लिए निकला। इस दौरान उनके साथ साला चिंटू उर्फ अंकित और दोस्त अर्जुन नर्रे था। सभी



लोग एक सुनील की प्लेटिना बाइक पर थे। सिकंदराबाद में सुनील अंकित और अर्जुन ने शराब पी और बाइक से सलकनपुर के लिए निकल गए।

करीब दो किलोमीटर छोटी झागरिया जोड़ पर पहुंचते ही बाइक टर्निंग पाइंट पर मुड़ी नहीं और सीधे डिवाइडर में जा घुसी। हादसे में सभी लोगों को गंभीर चोट आई थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंची, वहां वैशाली और उसके छोटे भाई रोहन को मृत घोषित कर दिया। पिता सुनील को गंभीर चोट आई है, जबकि अन्य तीनों को कम चोट थीं। पुलिस ने उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी सुनील मरावी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## चरित्र संदेह पर बेटी के सामने मां से मारपीट

**भोपाल।** जहांगीराबाद में पति द्वारा पत्नी पर चरित्र संदेह और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 38 साल की विमला बाई नरवरिया पति विष्णु नरवरिया,बरखेड़ी चौकी के पास, जहांगीराबाद में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि दुकान में साफ सफाई का काम करती है। उनका पति उनके चरित्र पर संदेह करता है। वह दुकान पर किसी से बातचीत करती है तो विवाद करता है। वह घर के आंगन में सफाई कर रही थी, तभी पति विष्णु नरवरिया बाहर आकर कहने लगा कि तू दुकान पर काम करने क्यों जाती है और किससे मोबाइल पर बात करती है।




**मेट्रो एंकर**

## लैकमेल कर युवक से ले चुकी थी 5 लाख 35 हजार

# झूठे केस में फंसाने की धमकी देने वाली महिला पर मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सूखीसेवनिया पुलिस ने युवक पर दुष्कर्म के प्रकरण में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाली महिला के खिलाफ अड़ीबाजी समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उक्त कार्रवाई पुलिस ने कोर्ट आदेश पर दर्ज की गई। आरोपी महिला युवक को झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख 35 हजार रुपए ऐंठ चुकी थी।

बावजूद इसके अतिरिक्त पांच लाख रुपए के अड़ीबाजी कर रही थी। पैसा नहीं देने पर उसने छोला मंदिर में उसके खिलाफ रेप का केस दर्ज करा दिया। जिस दिन आरोपी महिला ने रेप का झूठा प्रकरण दर्ज कराया उस दिन युवक तेलंगाना स्थित अपने गांव में था। सूखी सेवनिया पुलिस ने बताया कि 27 वर्षीय युवक मूलतः तेलंगाना का रहने वाला है। भोपाल की सूखी सेवनिया स्थित कॉलोनी में रहकर प्राइवेट काम करता है। उसके साथ काम करने वाली 32 वर्षीय महिला ने छोला थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 20 अक्टूबर 2020 को वह अपने साथ काम करने वाले गुप्ताजी के बेटे के रिसेप्शन में गई थी। जहां, से तेलंगाना निवासी युवक उसे अपने रूम पर ले गया। उसके साथ गलत काम किया। छोला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जमानत के बाद युवक रिहा हुआ। उसके वकील यावर खान ने उसकी तरफ से परिवाद दायर किया। इसमें दावा किया गया कि 16 अक्टूबर 2020 से 26 अक्टूबर 2020 के बीच अपने गांव वारंगल, तेलंगाना में था। 26 अक्टूबर 2020 को वह वापस भोपाल आया। कोर्ट को उसने ट्रेन के रिजर्वेशन के टिकट, तेलंगाना में रहने के दौरान मोबाइल की कॉल लोकेशन सौंपे। कोर्ट युवक के साक्ष्यों पर सहमत होते हुए सूखीसेवनिया पुलिस को युवती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच का आदेश दिया।




### 5 लाख रुपए नहीं देने पर केस दर्ज कराया

युवक ने कोर्ट को बताया कि महिला के पास उसके पर्सनल फोटो थे। जिन्हें वायरल करने की भी धमकी देकर पैसे ठगे। इसके बाद 5 लाख रुपए की मांग करने लगी। वॉट्सऐप पर उसे धमकी देती थी।

### दोनों की करीबी दोस्ती थी

युवक और महिला की करीबी दोस्ती थी। दोनों की आपस में शादी की बात भी चल रही थी। इस बीच युवक को पता चला कि महिला पहले से शादी-शुदा है। उसके एक बच्चा भी है। ऐसे में उसने शादी से इंकार कर दिया। साथ ही दोस्ती भी खत्म कली।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022